26 जनवरी 1950 को स्थापित/संस्थापक बाबूसिंह चौहान

# चिंगारी

बिजनौर : शुक्रवार, 30 जनवरी, 2026

अंक- 97 मूल्य दो रुपये पृष्ठ 16

## 40 दिन में योगी हिंदू होने का प्रमाण दें!

### अविमुक्तेश्वरानंद बोले-गाय को गोमाता घोषित करें, वरना मानेंगे सिर्फ दिखावे के लिए गेरुआ पहना

**वाराणसी (एजेंसी/चिंगारी)।** प्रयागराज माघ मेला छोड़ने के बाद शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद सरकार पर तीखे हमले कर रहे हैं। आज उन्होंने वाराणसी में प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कहा- मुझसे शंकराचार्य होने का प्रमाण पत्र मांगा गया। मैंने वह दे दिया। मेरे प्रमाण सच्चे थे, इसलिए उन्हें मानना पड़ा। अब मुख्यमंत्री को अपने हिंदू होने का प्रमाण देना चाहिए। हम आपको 40 दिन का समय दे रहे। इन दिनों में आप गो-भक्त होने का प्रमाण दीजिए। अगर प्रमाण नहीं दे पाते, तो समझा जाएगा कि आप नकली हिंदू, कालनेमि, पाखंडी और ढोंगी हैं। सिर्फ दिखावे के लिए आपने गेरुआ वस्त्र धारण किया है। अविमुक्तेश्वरानंद ने कहा कि मुख्यमंत्री और जगदुरु रामभद्राचार्य घेराबंदी करके गौहत्या बंदी की मांग करने वालों पर तरह-तरह के हमले कर रहे। अगर आप सच में हिंदू हैं, तो गौ-माता को राज्य माता घोषित करें। यूपी से गौमांस का निर्यात बंद करें, नहीं तो गैर हिंदू घोषित कर देंगे।

# नजीबाबाद में शराब पार्टी में एक युवक की मौत

## तीन की हालत गंभीर

## पुलिस ने मौके से शराब की बोतल व नॉनवेज बरामद किया

नजीबाबाद (चिंगारी)। बीती रात शराब व नॉनवेज पार्टी कर रहे चार युवकों में से एक युवक की अचानक हालत बिगड़ने से मौत हो गई। जबकि तीन युवक गंभीर रूप से बीमार हो गये। जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है। नगर के रेलवे स्टेशन मार्ग स्थित पंजाब नेशनल बैंक के समीप जोगीरम्पुरी निवासी चंद्रभान, जलालाबाद निवासी नौशाद तथा मौहल्ला संतोमालन निवासी अफसार व कामू एक दुकान में बीती रात शराब पार्टी कर रहे थे। पार्टी में युवकों ने शराब, बीयर के साथ नॉनवेज व सिगरेट का सेवन किया, जिसके बाद चारों युवकों की हालत बिगड़ गई। जलालाबाद निवासी नौशाद की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। सूचना मिलने पर सीओ नितेश प्रताप सिंह व थाना प्रभारी राहुल कुमार ने फोर्स के साथ तुरंत मौके पर पहुंचकर तीनों युवकों को उपचार के लिए नगर के पूजा हॉस्पिटल में भर्ती कराया। जिसमें से हालत गंभीर होने पर अफसार व कामू को बाहर के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस ने मौके से मृतक नौशाद का शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस घटना से मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। एसपी अभिषेक झा व एएसपी सिटी ने भी घटना स्थल का दौरा कर घटना के बारे में पूरी जानकारी लेकर पुलिस को दिशा-निर्देश दिये। एसपी ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि चार युवक एक स्थान पर बैठकर शराब का सेवन कर रहे थे, जिसमें नौशाद नामक युवक की मौत हो गई है। पुलिस को मौके पर व्हिस्क व बीयर की बोतल व नॉनवेज मिला है। पुलिस व फोरेंसिक टीम मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। इस घटना की खबर पूरे शहर व आसपास के क्षेत्रों में फैल गई। घटना को लेकर कई तरह की चर्चाएं चल रही है।



घटना स्थल पर जांच करती पुलिस।



अस्पताल में उपचाराधीन चंद्रभान।

**आवश्यकता**

बिजनौर में मार्केटिंग के लिये एक लड़के की आवश्यकता है। अनुभवी को प्राथमिकता। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें- मो. 9149239203

## भारत में आईफोन की बिक्री ने बनाया तिमाही रिकॉर्ड

**नयी दिल्ली (एजेंसी/चिंगारी)।** महंगे टेक उत्पाद बनाने वाली अमेरिकी कंपनी एप्पल का राजस्व 27 दिसंबर 2025 को समाप्त पहली तिमाही में 15 प्रतिशत सालाना वृद्धि के साथ नये रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया जिसमें भारतीय बाजार में आईफोन से रिकॉर्ड तिमाही राजस्व भी शामिल है। तिमाही के दौरान कंपनी का कुल राजस्व 15.65 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 143.76 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसमें आईफोन का राजस्व 85.27 अरब डॉलर, मैक का 8.39 अरब डॉलर और आईपैड का 8.6 अरब डॉलर दर्ज किया गया। शेष हिस्सा वेयरेबल्स का रहा। इन उत्पादों की सर्विसिंग से कंपनी को 30.01 अरब डॉलर की कमाई हुई। एप्पल को तिमाही के दौरान 42.1 अरब डॉलर का शुद्ध लाभ हुआ जो एक साल पहले के मुकाबले 15.87 प्रतिशत अधिक है। एप्पल के मुख्य वित्तीय अधिकारी केवन पारेख ने बताया कि भारत में पहले के मौजूद ग्राहकों से भी कमाई बढ़ रही है।उन्होंने बताया कि आईफोन 17 की वजह से साल-दर-साल आईफोन के राजस्व में 23 प्रतिशत की वृद्धि रही। आईफोन ने दुनिया भर में अच्छा प्रदर्शन किया जिसमें अमेरिका, चीन, लैटिन अमेरिका, पश्चिमी यूरोप, मध्य पूर्व, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण एशिया शामिल हैं।

ATHER अब आपके शहर बिजनौर में ATHER

इंडिया का नं. 1 फैमिली स्कूटर (RIZTA)
आकर्षक छूट व कम ब्याज दर पर उपलब्ध है।

आर्मी मैन व पुलिसकर्मियों के लिये 5,000/- रुपये की आकर्षक छूट

अब एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर की सर्विस सेंटर आपके ध्रुविका मोटर्स पर उपलब्ध है।



एथर इलैक्ट्रिक असली इलैक्ट्रिक

एथर इलैक्ट्रिक स्कूटर शोरूम के लिये आवश्यकता है।
सेल्स एग्जीक्यूटिव Male & Female
मैकेनिक Male
E&periance Minimum 1 Years
(समय - 11:00 बजे से 1:00 बजे तक)

Dhruvika Motors

Ankur Heights Opp- IOC Petrol Pump
Near Axis Bank, Kiratpur Road Bijnor
246701 Ph- 9240083911



## राशिफल

## विमल जैन

हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न-परामर्शदाता
फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्

**शनिवार, 31 जनवरी 2026**

मेष- परिस्थितियां भाग्य के पक्ष में, किसी पुराने विवाद का समापन, घरेलू वातावरण, मनोविनोद के अवसर प्राप्त, दूर-समीप की यात्रा का प्रसंग, विशिष्टजनों से सम्पर्क।

वृषभ- किसी योजना की शुरुआत, पारिवारिक कठिनाइयों का निवारण, दाम्पत्य जीवन में मधुरता, समझदारी से लिया गया निर्णय हितकर, मनोबल में वृद्धि, खुशी भी।

मिथुन- सामयिक कार्यों में सफलता, धनागम का सुयोग, राजनीतिक प्रतिष्ठा में वृद्धि, शारीरिक सुख की अनुभूति, मानसिक राहत, स्वजनों से विचार-विमर्श।

कर्क- कठिनाइयों से चिन्ता, प्रगति में व्यवधान, मित्रों से अनबन, शत्रु हानि पहुँचाने में सफल, पठन-पाठन में अरुचि, व्यवहार में जरा सी लापरवाही नुकसान।

सिंह- सामयिक सिद्धि हेतु प्रयत्नशील, बहुप्रतीक्षित कार्यों में सफलता का सुयोग, पारिवारिक कठिनाइयों का निराकरण, धन संचय की ओर अभिरुचि, संत समागम।

कन्या- दिनमान अनुकूल, परिस्थितियों में क्रमिक सुधार, नवयोजना का श्रीगणेश, निजी जिन्दगी में महत्वपूर्ण उपलब्धि, धर्म-अध्यात्म के प्रति आस्था, मानसिक राहत।

तुला- ग्रहयोग स्थिति भाग्य के पक्ष में, साहसिक प्रयास प्रगति पर, कुछेक समस्याएं सुलझने की ओर, आत्मीयजनों से अपेक्षित सहयोग, दूर या समीप की यात्रा।

वृश्चिक- कठिनाइयों से अशांति, निजी इच्छा की पूर्ति में व्यवधान, धन का अभाव, सुपरिचितों से मतभेद, अप्रिय घटना घटित, सुख के साधन में कमी, कष्ट भी।

धनु- समय संतोषजनक, लाभ का मार्ग प्रशस्त, शुभ-भावनाओं का उदय, किसी आयोजन में सम्मिलित होने का सुअवसर प्राप्त, आमोद-प्रमोद के साधन सुलभ।

मकर- ग्रहयोग बेहतर, किसी के माध्यम से महत्वपूर्ण उपलब्धि, परोपकार की भावना जागृत, धन की प्राप्ति, नौकरी में पदोन्नति, विरोधी परास्त, यात्रा संतोषजनक।

कुम्भ- कार्य-व्यवसाय में विस्तार, स्वविवेक से लिया गया निर्णय हितकर, परिवार में हर्षोल्लास का वातावरण, सुसमाचार की प्राप्ति, राजकीय पक्ष से लाभान्वित।

मीन- दिनचर्या अव्यवस्थित, पठन-पाठन में अरुचि, महत्वपूर्ण उपलब्धि में विलम्ब, जोखिम से नुकसान, वाहन से कष्ट, जिम्मेदारियों को निभाने में मुश्किलें, धनहानि।

एस. 2/1-76 ए, द्वितीय तल,
वरदान भवन, टैगोर टाउन एक्सटेंशन
भोजूबीर, वाराणसी-221002,
मो. : 09335414722

# स्व. रामपाल सिंह के उपकारों के सदैव ऋणी रहेंगे- कावेन्द्र

## श्रद्धापूर्वक मनाया गया पूर्व प्रधानाचार्य का जन्मदिन

**नांगल सोती ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार को स्थानीय राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज में सुप्रसिद्ध शिक्षाविद , सामाजिक सदभाव के प्रबल पक्षधर , पूर्व प्रधानाचार्य एवं पूर्व प्रबंधक स्व. रामपाल सिंह का 92 वां जन्मदिन श्रद्धा एवं संकल्प के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए विद्यालय के प्रबंधक कावेन्द्र सिंह एड. ने कहा कि राजा भरत सिंह इंटर कॉलेज को इतना बड़ा विद्यालय बनाने में 70 प्रतिशत योगदान अकेले स्व. रामपाल सिंह का है।

कोषाध्यक्ष राघव प्रताप एड. ने अपने संबोधन में कहा कि मैं कभी कोई ऐसा कार्य नहीं करूंगा , जिससे विद्यालय की छवि धूमिल हो। आप सब भी ऐसा ही प्रण लीजिये। सदैव विद्यालय की उन्नति के लिये सोचें और उसी के अनुरूप कार्य करें।

प्रधानाचार्य राजीव चौहान ने कहा कि स्व. रामपाल सिंह जी ने उनके सहित कई व्यक्तियों के जीवन को प्रतिष्ठित नौकरी देकर संवारा। सेवानिवृत्त प्रवक्ता एवं मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव का. विजेन्द्र सिंह ने कहा कि आज जो यह इतना विशाल विद्यालय खड़ा है , यह स्व. रामपाल सिंह की देन है। कार्यक्रम का संचालन करते हुये सेवानिवृत्त प्रधान लिपिक मुकेश सिन्हा ने स्व. रामपाल सिंह के जीवन - चरित्र, पर विस्तारपूर्वक प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान शैक्षिक सत्र 2024 - 2025 के कक्षा 6 से कक्षा 12 तक के क्लास टॉपर्स मानवी , सृष्टि शर्मा , यथार्थ शुक्ला , इशिका चंचल , वंशिका पाल , यशिका एवं पोरस को स्व. रामपाल सिंह स्मृति सम्मान से सम्मानित किया गया। जबकि स्कूल के पूर्व छात्र इंजी. सचिन राजपूत निवासी बरकातपुर की ओर से कक्षा 11 के 5 मेधावी एवं आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों वैष्णवी , वंशिका , अनुराग , शगुन एवं यक्षित कुमार को भी 2- 2 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि देकर सम्मानित किया गया।



पिछले सत्र के सम्मानित क्लास टॉपर्स अतिथियों के साथ

## योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया

**बिजनौर ( चिंगारी )।** जनपद के प्रसिद्ध कुंवर सत्य वीरा डिग्री कॉलेज द्वारा आर्ट ऑफ़ लिविंग सेंटर बिजनौर में कॉलेज शिक्षकों के लिए 3 दिवसीय योग एवं ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में शरीर एवं मन के विभिन्न स्तरों पर कार्य करने की पद्धति के बारे में विस्तार से बताया एवं अभ्यास करवाया। इस कार्यक्रम की मुख्य योगिक क्रिया सुदर्शन क्रिया रही, जिसके द्वारा सभी सदस्यों ने तनाव और क्रोध से मुक्ति, डिप्रेशन और मानसिक स्वास्थ्य में सुधार, नींद की गुणवत्ता में सुधार, ऊर्जा और आत्मविश्वास में बढोत्तरी का अनुभव किया।



यह कार्यक्रम आर्ट ऑफ़ लिविंग टीचर आशीष लोया के दिशानिर्देशन में किया गया। इस कार्यक्रम में अन्य आर्ट ऑफ़ लिविंग टीचर सुबोध भार्गव, सर्वेश कश्यप एवं कुंवर सत्य वीरा कॉलेज के प्राचार्य प्रो.( डॉ. )महेंद्र सिंह कौरव की भूमिका सराहनीय रही।

## अखिलेश से मिले चांदपुर के सपाई



**चांदपुर ( चिंगारी )।** समाजवादी लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय सचिव मौ आसिफ़, सभासद शेख रईस अहमद,मौ यूनुस ताऊ ने नोएडा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से मुलाकात की। सपा कार्यकर्ताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव से बिजनौर जिलाध्यक्ष सहित कई अन्य बातों पर चर्चा की। पूर्व मुख्यमंत्री श्री यादव ने कार्यकर्ताओं से पार्टी को और मजबूत बनाने के लिए कार्य करने के साथ ही अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी में पूरे जी जान से जुट जाने को कहा।

## कुरआन हिफ़्ज करने वाले तलबा की दस्तारबंदी की गई

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर के मदरसा इस्लामिया रियाज उल उलूम जामा मस्जिद में आयोजित हुए अजीमुशान सालाना इजलास में कुरआन मुकम्मल करने वाले 14 तलबा की दस्तारबंदी की गई। इस मौके पर उलेमा ने कुरान ए करीम पढ़ने की फजीलत बयान की और अल्लाह व नबी के बताए तरीके के मुताबिक जिंदगी गुजारने का आह्वान किया। बाद नमाज़ मगरिब हुए जलसे का आगाज़ कारी जुल्फ़ुकार ने कुरान ए पाक की तिलावत से किया। जलसे को खिताब करते हुए मेहमान ए खसूसी हजरत मौलाना मोहम्मद उस्मान मजाहिरी और शेखुल हदीस हजरत मौलाना मौहम्मद जकरिया कांदलावी ने कहा कि आज मुसलमान अपने आका के बताये रास्ते से भटकता जा रहा हैं और झूठ व धोखे को अपनी आदत बना रहा हैं। उन्होंने कुरान को अल्लाह का बेहतरीन तोहफा बताते हुए कामयाबी पाने के लिए बच्चों को हर हाल में कुरान की तालीम दिलाने पर जोर दिया। मुफ्ती तौहीद मुरादाबाद,मुफ्ती इकरामुल्ला मुरादाबाद , मौलाना शौकत नक्शबंदी अफ़जलगढ़ , कारी हम्माद मुरादाबाद ने भी जलसे को खिताब किया। जलसे के बीच में हिफ्ज मुकम्मल करने वाले 14 बच्चों की दस्तारबंदी कर उन्हें शील्ड और सनद देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर मुफ्ती अमनाउर्रब , काजी शमीम , हाजी सलीम , महफूज अहमद,गुफरान राजा ,नासिर पधान, अताउर्रब, मिर्जा खुर्शीद , नफीस अहमद, हाजी मतलब, आदि मौजूद रहे । प्रोग्राम के आखिर में मुल्क में खुशहाली और तरक्की के लिये दुआ कराई गई। जलसे की सदारत मुफ्ती क़मर धामपुर और निजामत मुफ्ती दानिश कासमी ने की।



स्योहारा में विकास हो सर्वत्र, सांसद रुचि वीरा ने लिखा पत्र ( पेज 7 )



# पति की ज़मानत न होने पर महिला ने वकील के घर धावा बोला, कोट फाड़ डाला

**नांगल सोती ( चिंगारी )। पति की जमानत न होने से नाराज पत्नी ने भाई व मां के साथ अधिवक्ता के घर पर जाकर मारपीट की तथा गाली-गलौच करते हुए उसका कोट फाड़ दिया, जबकि दूसरे पक्ष की महिलाओं ने भी अधिवक्ता पक्ष पर मारपीट का आरोप लगाया है।**

नांगल थानांतर्गत ग्राम सराय आलम निवासी अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार का कहना है कि उन्होंने गांव के ही निवासी गोपाल की जमानत याचिका कल जिला एवं सत्र न्यायालय में दायर की थी। कल जमानत नहीं हो सकी और न्यायालय ने 4 फरवरी की अगली डेट लगायी है। जमानत न होने से गोपाल का साला नाहर सिंह निवासी राहतपुर खुर्द नाराज हो गया और फीस में दिये गये 4 हजार रुपये वापस मांगने लगा। फीस वापस न देने पर जान से मारने की धमकी भी दी। आज सुबह साढ़े आठ बजे गोपाल की पत्नी रूपा अपनी मां सुदेशना तथा भाई नाहर सिंह व एक अज्ञात व्यक्ति के साथ उनके घर पर आयी और गाली-गलौच करते हुए घर में तोड़फोड़ करनी शुरू कर दी। उसके साथ मारपीट की और ड्रेस का कोट फाड़ दिया। उसकी भाभी बचाने आयी, तो उसके साथ भी मारपीट की तथा हाथ में काट लिया। अधिवक्ता का यह भी कहना है कि रूपा ने खुद भी अपने पति के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करा रखा है।

अधिवक्ता देवेन्द्र ने साथी अधिवक्ताओं तथा परिजनों के साथ थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर सौंपी है, जबकि दूसरे पक्ष की महिलायें भी अधिवक्ता पक्ष पर मारपीट का आरोप लगा रही हैं। रूपा और सुदेशना का कहना है कि मारपीट में उन्हें चोट लगी है। रूपा ने भी पुलिस को तहरीर दी है।

# महिला की तहरीर पर स्योहारा पुलिस ने आरोपियों का धारा 135 में किया चालान

**स्योहारा ( चिंगारी )।** स्योहारा क्षेत्र में एक युवती द्वारा लगाए गये आरोपों के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों के विरुद्ध शांति भंग की आशंका के चलते धारा 135 के अंतर्गत चालान कर दिया है।

युवती ने आरोप लगाते हुए बताया कि उसकी शादी हिमांशु के साथ हुई है, लेकिन जब उसने हिमांशु से अपने घर लेकर जाने को कहा तो उसके परिजनों ने मना कर दिया जिसके बाद महिला ने ससुराल वालों पर मुकदमा लिखवा दिया। 18 जनवरी की शाम हिमांशु वर्मा और आकाश वर्मा पुत्र चंद्रपाल ने पीड़िता को रस्ते में रोकते हुए उससे मुक़दमे वापस करने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट और छेड़छाड़ की थी जिसकी तहरीर पीड़िता ने पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए स्योहारा पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर शांति भंग में चालान कर दिया।

DHARA MOTOR FINANCE LTD.
Dhara Complex Civil Line Bijnor (UP) Estd. 1990
We are Hiring | Senior Manager
Regional Managers/Area Heads
Expert in credit, recovery and operations (in any)
having at least 5 yeas experience in NBFC
Send your resume to : manager.hr@dharamotor.com
8433405694
CORPORATE OFFICE : K-814, Noratan Building, Mata Chowk Vasant Kunj New Delhi.

# मंडोरी में ग्रामीणों ने गुलदार को घेरा



**नहटौर ( चिंगारी )।** ग्राम मंडोरी में उस समय हड़कंप मच गया जब ग्रामीणों ने एक खेत में गुलदार को घुसते हुए देखा। गुलदार की मौजूदगी से गांव में दहशत फैल गई, जिसके बाद भारी संख्या में ग्रामीणों ने खेत की घेराबंदी कर ली। दरअसल, आज प्रात: करीब 10 बजे ग्राम मंडोरी निवासी घनश्याम सिंह के ईख (गन्ने) के खेत में अचानक एक गुलदार घुस गया। खेत स्वामी और वहां मौजूद ग्रामीण निपेंद्र कुमार, अभिषेक कुमार, नितिन कुमार, प्रिंस कुमार, मुकुल कुमार, अमन सिंह और गजेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, बाला देवी तथा कविता देवी आदि ने गुलदार को खेत में घुसते हुए देखा। गुलदार को देखते ही ग्रामीणों ने शोर मचाना शुरू कर दिया और हिम्मत दिखाते हुए लाठी-डंडों के साथ खेत को चारों तरफ से घेर लिया, ताकि वह आबादी की ओर न आ सके। ग्रामीणों ने मामले की सूचना स्थानीय पुलिस और वन विभाग को दी। गुलदार की सूचना मिलते ही आनन-फानन में दोनों विभागों की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची। फिलहाल वन विभाग की टीम व ग्रामीण खेत के आसपास गश्त कर रहे हैं और गुलदार को सुरक्षित रेस्क्यू करने या जंगल की ओर खदेड़ने के प्रयास में जुटे हुए हैं। वन विभाग ने ग्रामीणों को अकेले खेतों में न जाने और सतर्क रहने की सलाह दी है। गांव में अभी भी दहशत की स्थिति बनी हुई है।

Hero
हीरो लाया है साल की शुरुआत में शानदार ऑफर
Hero
फाइनेंस सुविधा
भी उपलब्ध है !

MEVRICK 440 पर पायें
50,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
आकर्षक उपहार

XTREME 160 पर पायें
10,000 रुपये का कैश डिस्काउंट
कविता मोटर्स
हीरो मोटर्स कॉर्प के अधिकृत विक्रेता
किरतपुर रोड, बिजनौर
मोबाइल 9457937407

भली लगे या बुरी...


## बढ़ती अश्लीलता और समाज

वेब सीरीज के नाम पर धड़ल्ले से अश्लीलता परोसी जा रही है। बेहद गंदी गालियों की इनमें भरमार होती है। जैसे इन पर कोई नियम-कानून लागू ही नहीं होता। नैतिकता की तो बात ही करना फिजूल है। किसी तरह पिछले कुछ वर्षों में बॉलीवुड फिल्मों में अश्लील दृश्यों व गानों को जमकर परोसा जा रहा है। देश में कुछ लोग व कुछ संस्थाएं हर वक्त संस्कृति का झण्डा उठाये फिरते हैं, लेकिन मनोरंजन के नाम पर परोसे जाने वाली अश्लीलता/अपसंस्कृति को रोकने-टोकने वाला कोई नहीं है। सेंसर बोर्ड में भी वे ही लोग बैठे हैं, जिन्हें संस्कृति के सबसे बड़े झण्डाबरदारों ने नामित किया है। फिल्मों के अलावा अन्य गीतों में भी अश्लीलता की भरमार है। द्विअर्थी और अश्लील गीतों की मानो बाढ़ आयी हुई है। देखते ही देखते पूरा परिवेश ही बदलता जा रहा है। बोलने-कहने की आजादी का दुरुपयोग चरम पर है। विभिन्न भारतीय भाषाओं और हिन्दी की लोक भाषाओं खासकर भोजपुरी में भी ऐसे गीत कम नहीं है। मशहूर पंजाबी पॉप गायक हनी सिंह को कुछ समय पहले खूब कोसा गया। यह कह कर कि उनके गाए अश्लील गाने भारतीय संस्कृति को दूषित कर रहे हैं। कुछ समय पहले पंजाब पुलिस ने इस संबंध में उनके खिलाफ एक मामला दर्ज किया और इससे भी पहले पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब सरकार को यह कह कर फटकार लगाई थी कि उसने हनी सिंह के खिलाफ कोई कार्रवाई क्यों नहीं की। संस्कृति का सवाल उठने से पहले कुख्यात दिल्ली गैंगरेप कांड के बाद जो माहौल देश में बना था, उसमें भी हनी सिंह को कई साल पहले गाए गए एक गीत का हवाला देकर सजा देने की मांग उठी थी। कहा गया कि हनी सिंह के गीत समाज में महिलाओं के खिलाफ विकृत सोच पैदा करते हैं और उनसे हिंसा करने को उकसाते हैं। हनी सिंह के दूसरे हिट गानों के बारे में भी कहा गया कि उनमें महिलाओं को इस्तेमाल करने वाली चीज के तौर पर पेश किया गया है। सोशल मीडिया पर लोगों का गुस्सा इतना बढ़ा कि हनी सिंह ने सफाई दी कि ये गाने उनके नहीं हैं। दरअसल, ऐसे गानों को पसंद करने वाले लोगों की संख्या कम नहीं है। आज का युवा वर्ग ऐसे गानों पर झूम रहा है। पसंद, नापसंद को लेकर अलग-अलग राय हो सकती है, लेकिन इसमें कोई दोराय नहीं कि मनोरंजन के नाम पर अश्लीलता उचित नहीं है।

# मजबूरी का नाम नहीं, मजबूती का नाम महात्मा गांधी है!

महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर विशेष

**अक्सर लोग महात्मा गांधी जी के सत्य, अहिसा एवं सद्भाव के सिद्धान्त का उपहास उड़ाते हुये नज़र आते है कि मजबूरी का नाम महात्मा गांधी है। ऐसा कहना या मानना न केवल राष्ट्रपिता महात्मा गांधी का अपमान है, बल्कि हमारे देश की गंगा जमुनी तहजीब एवं हिन्दू धर्म के सहिष्णुता के मूल सिद्धान्त का भी घोर अपमान है।**



महात्मा गांधी का मूल नाम मोहनदास कर्मचन्द गांधी था। वे पोरबन्दर (गुजरात) के एक धनाड्य वैश्य परिवार से थे, जिन्होंने लन्दन से 'बैरिस्टर एट लॉ' की उपाधि प्राप्त कर वकालत के व्यवसाय में प्रवेश किया। एक मामले में वकालत करने गांधी जी को दक्षिण अफ्रीका जाना पड़ा, जहां उन्होंने पाया और देखा एवं पीड़ा का अनुभव किया कि वहां रंग भेद (गौरे-काले) का नागरिकों में अत्यधिक भेदभाव था। उनके द्वारा उस भेदभाव के विरोध में वहां मजबूती के साथ समाजसेवा का कार्य कर जागृति पैदा की और सफल शान्तिपूर्ण आन्दोलन किये।

अपने देश भारत में लौटने पर देश में चल रहे आज़ादी के हिसांत्मक आंदोलनों की लगातार विफलता पर गहराई से मनन कर धीरे-धीरे अंहिसात्मक असहयोग आन्दोलनों का भिन्न-भिन्न स्थानों पर नागरिकों के अधिकारों के लिये प्रयोग करना शुरू किया।

देश के अनेक स्थानों पर भ्रमण करने पर नागरिकों की आर्थिक स्थिति का आंकलन किया। अंग्रेजी कपड़ों का बहिष्कार कर मात्र ऊपर व नीचे के दो खादी के (हाथ से कते) कपड़ों को धारण कर मजबूती के साथ सत्य, अंहिसा एवं सद्भाव के रास्ते पर चलकर, अंग्रेजों की दमनकारी नितियों का विरोध, असहयोग आंदोलनों के द्वारा करना शुरू कर दिया।

गांधी जी ने सत्य, अंहिसा एवं आपसी सद्भाव के सिद्धान्तों का लगातार प्रयोग कर अनेक आंदोलनों को अंहिसात्मक रूप से करके, अंग्रेजों की सरकार के सभी दमनकारी अपकृत्यों का घोर विरोध करते हुये पूरे देश के नागरिकों में, संचार के साधन अतिसीमित होने के बावजूद, एक सूत्र में बांधकर अंग्रेजों की नाक में दम कर दिया और मजबूती के साथ हिन्दुस्तानियों को एक सूत्र में बांधकर, देश के स्वतन्त्रता सेनानियों को सत्य, अंहिसा व सद्भावना का मंत्र दिया और दृढ़ता व मजबूती के साथ देश के स्वतन्त्रता संग्राम आन्दोलन में मुख्य भूमिका निभाते हुये देश को आजाद करवाने में सबसे महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

महात्मा गांधी कभी मजूबर व्यक्ति नहीं थे, बल्कि उनका व्यक्तित्व एक मजबूत सत्यवादी, अंहिसावादी एवं राष्ट्रवादी इंसान का था, जिसने ब्रिटेन की महारानी के प्रोटोकाल (सूट पहनने के) को तोड़कर महारानी ब्रिटेन के महल में प्रवेश के लिये दो धातियों में जाने के नियम को अंग्रेजों को पास करने के लिये मजबूर कर दिया था।

महात्मा गांधी का व्यक्तित्व इतना मजबूत था कि वैज्ञानिक आईन्सटीन ने कहा था कि लोग भविष्य में विश्वास नहीं करेंगे कि हाड़ मांस का दुबला-पतला व्यक्ति अंग्रेजों के साम्राज्य को हिलाने में बिना अस्त्र व शस्त्र के सफल हो गया था।

महात्मा गांधी जी का सत्य, अंहिसा एवं सद्भाव का प्रयोग इतना सफल व 'मजबूत' रहा कि उसने ब्रिटिश साम्राज्य की जड़ें भारत से हिला दीं और हमारे देश को स्वतन्त्र करने के लिये अंग्रेजों को 'मजबूर' होना पड़ा।

इसके उपरान्त इस 'महात्मा' ने बिना किसी स्वार्थ के देश में अपने को सत्ता से 'मजबूती' के साथ अलग रखा और अपने अन्त समय तक हर धर्म, जाति एवं सम्प्रदाय को एकजुट कर, देश को स्वावलम्बी बनने का एवं स्वराज का सन्देश देते रहे।

उनका अन्त भी एक ऐसे डरपोक इन्सान ने किया, जो डर, आतंक व अफ़वाहों को फैलाने वाले वातावरण व विचारधारा की संस्था को मानने वाला था। किन्तु महात्मा गांधी उसकी गोलियों का शिकार होने के बावजूद 'हे राम' कहकर 30-01-1948 को हमसे बिछुड़ गये।

महात्मा गांधी के सिद्धान्तों की 'मजबूती' का प्रमाण है कि उनके सत्य, अहिंसा एवं सद्भाव के सिद्धान्तों का प्रयोग करने एवं उनको हमेशा स्मरण करने के लिये 100 से अधिक देशों ने अपने-अपने देश में महात्मा गांधी जी की मूर्तियां स्थापित कर रखी हैं और किसी भी देश का राष्ट्रीयाध्यक्ष भारत वर्ष में आता है, वह महात्मा गांधी जी की समाधि पर पुष्प अर्पित करने व उनको सम्मान देने जाने हेतु प्राथमिकता देता है, जो महात्मा गांधी जी के सत्य, अंहिसा एवं सद्भाव के सिद्धान्तों की मजबूती को दर्शाता है।



**प्रशान्त कुमार गोयल एड.**
चेयरमैन, जिला विधि विभाग,
उ. प्र. कांग्रेस कमेटी, लखनऊ (उ.प्र.)

प्रेरक-प्रसंग

## प्रेम की भक्ति और निःस्वार्थ सेवा

एक गांव में प्रेम नामक साधारण चरवाहा रहता था। उसका मन माता दुर्गा की भक्ति में रमा रहता। हर सुबह वह पहाड़ी पर बने माता के मंदिर में माथा टेकता और कहता, 'मां, मुझे रास्ता दिखाओ, ताकि मैं सभी जीव-जंतु का भला कर सकूं।' एक साल भयंकर सर्दी पड़ी। गांव के लोग ठंड से ठिठुर रहे थे और कई गंभीर रूप से बीमार पड़ गए। प्रेम ने देखा कि गांव की हालत खराब हो रही है। उसने माता दुर्गा से प्रार्थना की। एक रात माता ने उसे सपने में दर्शन दिया और कहा, गांव से दूर जंगल के खत्म होते ही एक गुफा है, वहां औषधीय जड़ी-बूटियां और सूखी लकड़ियां हैं। प्रेम सुबह उठा और जंगल की ओर चल पड़ा। जंगली जानवरों के खतरे के बावजूद वह नहीं डरा। गुफा में उसे ढेर सारी लकड़ियां और जड़ी-बूटियां मिलीं। उसने गांव वालों को बुलाया और सब मिलकर उन्हें गांव में ले आये। जड़ी-बूटियों से बीमारों का इलाज हुआ और लकड़ियों से घर गर्म हुए। गांव में फिर से रौनक लौट आई। प्रेम की भक्ति और निःस्वार्थ सेवा ने सबका दिल जीत लिया। गांव वालों ने उसे सम्मान दिया और मंदिर के पास एक छोटा-सा औषधि केंद्र बनाया, जहां प्रेम दूसरों को औषधीय पौधों के बारे में सिखाने लगा और वह कहता कि सच्ची भक्ति और निःस्वार्थ कर्म से बड़े से बड़ा संकट टाला जा सकता है। माता की कृपा और मेहनत हर मुश्किल में साथ देती है।

# जयहरीखाल ब्लॉक को उत्तराखंड का मॉडल ब्लॉक बनाने का संकल्प

## गांव मूवमेंट अब तक 566 किलो कचरा साफ कर चुका



टीम के साथ पहाड़ों से कचरा एकत्र करते आकाश सुन्द्रियाल।

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** उत्तराखंड के लैंसडाउन निवासी सामाजिक कार्यकर्ता आकाश सुन्द्रियाल (संस्थापक 11 गांव मूवमेंट) ने चिंगारी के नजीबाबाद कार्यालय पर पहुंचकर एक विशेष भेंट में बताया कि पौड़ी गढ़वाल उत्तराखंड के प्रमुख हिल स्टेशन लैंसडाउन व आसपास के क्षेत्रों में स्थायी ग्रामीण पर्यटन की नई मिसाल पेश करते हुए 11 गांव मूवमेंट ने एक महत्वपूर्ण पड़ाव पार कर लिया है। संस्थापक आकाश सुन्द्रियाल के नेतृत्व में 5 जनवरी से शुरू हुई इस मुहिम ने अब तक जयहरीखाल ब्लॉक से 566 किलोग्राम लेगेसी वेस्ट को सफलतापूर्वक हटाकर वैज्ञानिक तरीके से पृथक किया है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार पर्यटन है, लैंसडाउन देश के सबसे शांत व खूबसूरत हिल स्टेशनों में गिना जाता है। हालांकि लैंसडाउन में बढ़ते पर्यटन के साथ कचरे की समस्या भी बढ़ी है। 11 गांव मूवमेंट का मानना है कि स्वच्छ प्रकृति ही सुरक्षित पर्यटन की कुंजी है। यदि हमारे पहाड़ व रास्ते साफ नहीं होंगे, तो भविष्य में पर्यटन की चमक फीकी पड़ जाएगी। यह मुहिम लैंसडाउन की प्राकृतिक सुंदरता को संरक्षित कर उत्तराखंड को एक क्लीन टूरिज्म डेस्टिनेशन के रूप में स्थापित करने का प्रयास है। उन्होंने बताया कि अब तक एकत्र किए गए कुल 566 किलो कचरे में कांच 226 केजी जो पर्यटकों व वन्यजीवों के लिए सबसे बड़ा खतरा था, प्लास्टिक कचरा 153 केजी, माइक्रो प्लास्टिक एवं लेगेसी वेस्ट 112 केजी, अन्य ई-वेस्ट व मेडिकल वेस्ट कचरा शामिल है। इस मुहिम की असली ताकत स्थानीय युवा है। सागर नेगी जैसे युवा, जो पहले दिन से इस अभियान की रीढ़ बने हुए हैं, जयहरीवाल के युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुके हैं। हाल ही में युवाओं के गोल्डी स्मृति कप के साथ मिलकर मैदान से 100 किलो कचरा साफ किया गया। अब टीम जयहरीवाल के मुख्य डंपिंग जोन से एक ही दिन में 500 किलो से अधिक कचरा हटाने की चुनौती के लिए तैयार है। 11 से 14 फरवरी तक आयोजित होने वाला 11 गार्डियंस ट्रेक पर्यटन का एक नया चेहरा पेश करेगा। जयहरीखाल से ताड़केश्वर महादेव तक का यह सफर उन भूल चुकी पगडंडियों को पुनर्जीवित कर रहा है। इसमें भाग लेने वाले पर्यटक न केवल रोमांच का आनंद लेंगे, बल्कि गांवों में स्वच्छता अभियान चलाकर उत्तराखंड के स्थायी विकास में भागीदार बनेंगे। इस अभियान का पहला चरण 14 फरवरी को संपन्न होगा, जिसकी एक विस्तृत रिपोर्ट डीएम पौड़ी को सौंपी जाएगी। इसका उद्देश्य यह है कि जयहरीखाल मॉडल को पूरे उत्तराखंड के सभी ब्लॉकों में लागू किया जा सके ताकि राज्य का पर्यटन व पर्यावरण दोनों सुरक्षित रहें। संस्थापक आकाश सुन्द्रियाल ने बताया कि उनका लक्ष्य जयहरीवाल को उत्तराखंड का सबसे स्वच्छ व आदर्श ब्लॉक बनाना है।

# त्यौहारों के मद्देनजर हुई शांति समिति की बैठक



बैठक में विचार रखते मंडावली थाना प्रभारी।

**मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)।** मंडावली थाना प्रांगण में आगामी त्यौहारों को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। गुरु रविदास जयंती, शबे बारात एवं कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए क्षेत्र के संभ्रांत व्यक्तियों, डीजे संचालकों, होटल, ढाबा स्वामियों एव क्षेत्र के ग्राम प्रधान व गणमान्य व्यक्तियों से चर्चा की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने कहा कि त्यौहार एक-दूसरे के पूरक होते हैं, त्यौहारों को परंपरागत तरीके से मिल-जुलकर मनाएं। उन्होंने शासन-प्रशासन कि गाइडलाइन से अवगत कराते हुए कहा कि नई परंपरा बिल्कुल न शुरू करें। त्यौहारों में हुड़दंग करने वालों के साथ पुलिस सख्ती से निपटेगी। संदिग्ध व्यक्ति दिखाई देने पर पुलिस को तुरंत सूचना दें। ब्लॉक प्रमुख तपराज सिंह देशवाल ने कहा कि त्यौहार प्रेम के प्रतीक होते हैं, त्यौहारों को शान्ति व सौहार्द के साथ मनाएं। भाजपा नेता अनुज चौधरी के संचालन में बैठक में वाजिद मकरानी, शाहबुद्दीन उर्फ साबू ठेकेदार, नसीम अंसारी, भीम सैन हल्दिया, फुरकान ठेकेदार आदि ने त्यौहारों को प्रेमपूर्वक शान्ति के साथ मनाए जाने की अपील करते हुए अपने विचार रखे। इस मौके पर एसएसआई योगेंद्र सिंह, एसआई संजय कुमार, सोनू सिंह, देवपाल सिंह, ग्राम प्रधान मुस्तफा मकरानी, नसीम अहमद, मोहम्मद शाहिद, हाजी मिट्ठू ठेकेदार, माजिद हुसैन, सुशील कुमार, अरविंद त्यागी, लोकेंद्र सिंह, आशु त्यागी, सोनू सिंह, ब्रह्मपाल सिंह, सुनील कुमार, जसराम सिंह, राजवीर सिंह, सुनील त्यागी, जाकिर अहमद, वसीम अहमद, अशोक कुमार, नौबहार सिंह, कलवा सिंह, इंतजार अहमद, मास्टर फरीद, नौशाद अहमद आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# एमडीकेवी की छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किये

**नजीबाबाद (चिंगारी)।** मूर्ति देवी कन्या इण्टर कॉलेज नजीबाबाद में 77वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्ष व उल्लास के साथ मनाया गया। ध्वजारोहण प्रबंधक नीरज जैन एवं कार्यवाहक प्रधानाचार्या श्रीमती सुनीता चौधरी के द्वारा किया गया। इस मौके पर छात्राओं ने विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक एवं रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किये। कार्यवाहक प्रधानाचार्या ने कार्यक्रम के समापन पर अपने विचार व्यक्त करते हुए छात्राओं को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएं दीं।



# मदरसे में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



**नजीबाबाद (चिंगारी)।** गणतंत्र दिवस के अवसर पर क्षेत्र के ग्राम पानाहीमपुर स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया फैजुल उलूम के मौलाना एवं ग्राम प्रधान ने ग्रामीणों के साथ मिलकर ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रगान व रंगारंग कार्यक्रम से किया गया। ऑल इंडिया रहमानिया मदद ग्रुप ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष शाकिर अली ने मदरसे के बच्चों को अपनी दुआओं से नवाजा। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष गुलाम साबिर भी मौजूद रहे। मदरसे में पढ़ाने वाले मौलाना आगोश, मास्टर इलमुद्दीन, महिला अध्यापक नौशीन परवीन, सबनीस परवीन का कार्यक्रम में सहयोग रहा। मदरसा कमेटी के सदस्यों में मौ. अखलाक, मौ. सलीम, मौ. नौशाद, मौ. आबिद, मौ. तालिब, मौ. अंसार, मुख्तार, रियाजू, मुस्तफा, अनीस तथा ग्रामीण जमशेद, गुलजार, अली हसन, रईस अहमद, दानिश आदि मौजूद रहे।

# 77वां गणतंत्र दिवस मनाया धूमधाम से

## नगर पंचायत कार्यालय पर लोकेंद्र चौधरी ने किया ध्वजारोहण



**झालू (चिंगारी)।** नगर में भारतीय लोकतंत्र का पावन पर्व 77वां गणतंत्र दिवस को अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर के विभिन्न स्थानों पर ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किये गये तथा अमर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए भारत माता के जयकारे लगाये लगाये गये। नगर पंचायत झालू के कार्यालय में चेयरमैन लोकेंद्र चौधरी द्वारा ध्वजारोहण किया गया। ध्वजारोहण के पश्चात राष्ट्रगान गाया गया, जिसके बाद अध्यक्ष लोकेंद्र चौधरी ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए देश के वीर शहीदों को याद किया तथा संविधान की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस मौके पर नगर पंचायत झालू के सभी सभासद, सफाई कर्मचारी व नगर पंचायत के लिपिक व सभी कर्मचारी मौजूद रहे।

इसके अलावा नगर की सभी शिक्षण संस्थाओं में भी धूमधाम से गणतंत्र दिवस का पर्व मनाया गया, जिसमें सर सैयद एकेडमी झालू में डॉ. अरशद जैदी व व्यापारी सुदेश अग्रवाल द्वारा ध्वजारोहण किया गया। आर्य समाज झालू में मास्टर गिरिराज सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया।

विवेकानंद पब्लिक स्कूल झालू मोहल्ला कानूनगोयान में विद्यालय प्रांगण में प्रबंधक इरफान अहमद एवं अध्यक्ष मोहम्मद आसिफ इकबाल ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। मोहल्ला नसीरियान स्थित मूर्ति देवी बाल विद्या मंदिर में अंतेश देवी व मास्टर वीर सिंह द्वारा ध्वजारोहण किया गया, जहां नन्हे-मुन्ने बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया।

इस अवसर पर सभी विद्यालयों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके अलावा झालू जाटान सहकारी समिति के प्रांगण में सूरज सिंह धर्मपुरा तथा अल्हेदादपुर सहकारी समिति के भवन पर भाजपा नेता प्रिंस चौधरी द्वारा ध्वजारोहण किया। भाजपा नेता प्रिंस चौधरी ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला तथा सभी को देश हित में कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए देशसेवा का संकल्प दिलाया।

# धामपुर शुगर मिल में धूमधाम से मनाया गया 77वां गणतंत्र दिवस

## किसी भी संस्थान की तरक्की सभी की एकजुटता से होती है : निष्काम गुप्ता



**धामपुर ( चिंगारी )।** धामपुर शुगर मिल के गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता का मुख्य सुरक्षा अधिकारी, अजय कुमार पांडे, उज्जवल सिंह द्वारा गार्ड ऑफ ऑनर देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर उपाध्यक्ष निष्काम गुप्ता द्वारा झंडारोहण किया गया। राष्ट्रगान के बाद श्रमिकों और कर्मचारियों विवेक सिंह यादव, जाह्नवी चौहान, प्रवीण भारतीय, मुन्नू सिंह, प्रदीप कुमार ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किये। इस अवसर पर गेस्ट हाउस के पार्क में निष्काम गुप्ता के द्वारा नारियल का पौधारोपण भी किया गया। गणतंत्र दिवस के अवसर पर निष्काम गुप्ता ने सभी विभागाध्यक्षों, श्रमिकों, कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यदि सभी लोग टीम के रूप में कार्य करें, तो कोई ऐसा लक्ष्य नहीं जिसे हम प्राप्त नहीं कर सकते हैं। संस्थान की तरक्की सभी के साथ मिलकर कार्य करने से ही हो सकती है और यही टीम भावना हमारी ताकत का राज है। उन्होंने कहा कि पिछले दो वर्षों में धामपुर शुगर मिल के समक्ष कई चुनौतियां आई, अच्छे बुरे दिन रहे, बाढ़ तथा गन्ने की 70 प्रतिशत वैरायटी हमारे कृषकों के द्वारा चेंज किया जा चुका है, जिसके कारण रिकवरी में धामपुर शुगर मिल अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने कहा कि पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र श्रमिकों और कर्मचारियों को इस भावना से दिए जा रहे हैं, ताकि उनके छोटे-छोटे योगदान से और सुझावों से धामपुर शुगर मिल आने वाले वर्षों में कीर्तिमान स्थापित करती रहे। पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र कार्यक्रम का संचालन तरुण राणा के द्वारा किया गया।

### ये हैं पुरस्कार प्राप्त करने वाले

**पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र पाने वालों में जागेश कुमार, बरन सिंह, अशोक, कल्याण, शिखर चंद, अजय पाल, जाफर अली, सौरव कुमार, मुकेश, लवकुश चौहान, अनुज, योगेंद्र, सौरभ वर्मा, संजीव, अंकित, देवेंद्र, हिमांशु, अनिकेत, रितिक, अर्पण सैनी, पुष्पेंद्र, राहुल, विनोद कुमार, प्रमोद, आबिद हुसैन, दिनेश गहलौत, नरदेव, बरन सिंह, राजवीर, विनोद कुमार, धीरज सक्सेना, दिनेश राणा, प्रखर राजपूत, योगेश, अमित, विकास धीमान, सईद, दिनेश, हारुन खान, परविंदर, तसब्बुर, निसार, मोहित, यशवंत, हिमांशु शर्मा, शोभित सक्सैना, जितेंद्र, चेतन, श्रीपाल तथा यूनियन के पदाधिकारियों ओमप्रकाश, शिखर चंद, वीरेंद्र, उत्तम सिंह, प्रीतम, नरदेव, लवलीन, विनीत सिसोदिया, विनोद सिंह राणा, फैक्ट्री के अंदर अच्छी साफ सफाई के लिए वीरेंद्र सुपरवाइजर, राजेश, पप्पू को दिया गया। कार्यक्रम का संचालन कारखाना प्रबंधक विजय कुमार गुप्ता ने किया।**

# विद्या मंदिर के मेधावी छात्रों को दो लाख रुपये के पुरस्कारों की घोषणा

### अपने पिता की स्मृति में पुरस्कृत करेंगी डॉ. अनामिका

**धामपुर ( चिंगारी )।** रामगोपाल रामचंद्र सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में आरएसएस के पूर्व जिला संघ चालक डॉ. कृष्ण बहादुर की सुपुत्री डॉ. अनामिका द्वारा 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के अवसर पर विद्या मंदिर धामपुर के मेधावी छात्रों को 2 लाख रुपए के पुरस्कारों की घोषणा की गई। उनके पिता डॉ. कृष्ण बहादुर सिंह 1960 से 1997 तक जिला बिजनौर में जिला संघ चालक बने और चिकित्सा के व्यवसाय के साथ आरएसएस, विद्या मंदिर और शिशु मंदिर परिवार व निर्धन व असहाय लोगों का नि:शुल्क इलाज करते रहे। उनका स्वर्गवास 26 जनवरी 1997 को हुआ था। उनकी सुपुत्री डॉक्टर अनामिका वर्तमान में वर्धमान डिग्री कॉलेज, बिजनौर में वनस्पति विज्ञान की प्रोफेसर हैं। 26 जनवरी गणतंत्र दिवस को विद्या मंदिर की मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण के साथ मंच से उन्होंने हाई स्कूल में ठाकुर रवि प्रताप को प्रथम, यश कुमार को द्वितीय और वंश कुमार को तृतीय इंटर में तनिष्क प्रथम, पर्व कुमार द्वितीय और सिद्धांत कुमार तृतीय को क्रमश: 11000 और 5000 रुपए व 3000 रुपए का नगद पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर प्रांत व मंडल में प्रथम दो स्थान प्राप्त करने वाले विद्या मंदिर धामपुर के छात्रों को दो लाख रुपए के नगद पुरस्कार देने की घोषणा की। इस अवसर पर डॉक्टर अनामिका के पति डॉक्टर जितेंद्र सिंह, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष धर्मपाल सिंह, मैनेजर बृजमोहन गुप्ता, कोषाध्यक्ष राजवीर सिंह, पूर्व मैनेजर पीयूष अग्रवाल, पूर्व प्राचार्य राजेंद्र सिंह क्षेत्रीय अधिकारी शिवकुमार शर्मा, विद्यालय के प्रधानाचार्य हेमेंद्र सिंह, उप प्रधानाचार्य कवेंद्र सिंह, राजवीर सिंह, आचार्य चंद्रभान सिंह, दयाशंकर दुबे, नारायण हरि शर्मा, एनसीसी कोच कृष्णवीर सिंह व अभिभावक राजेंद्र पाल सिंह, सुनील कुमार सकरा, अक्षांश भारद्वाज, उमेश आर्य आदि उपस्थित रहे।

# आपदा मित्र का प्रशिक्षण प्राप्त करके लौटे छात्र-छात्राओं का किया स्वागत



**धामपुर ( चिंगारी )।** आर.एस.एम. पी.जी. कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के नौ स्वयंसेवकों ने लखनऊ में आयोजित 12 दिवसीय आपदा मित्र प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण किया। प्रशिक्षण उपरांत महाविद्यालय आगमन पर प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल एवं शिक्षकों द्वारा उनका स्वागत किया गया।

आपदा मित्र प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले स्वयंसेवकों में प्रीति चौहान, खुशी राजपूत, खुशी बिश्नोई, जिया असद, लुबना नाज़, रिया पाल, रेनू गौतम, विप्लव कुमार, क्रिश चौधरी, रचित कुमार, आदित्य कुमार और परमवीर शामिल रहे। इस अवसर पर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि धनकड़ ने बताया कि सरकार द्वारा आपदा मित्र योजना के माध्यम से युवाओं को आपदा की स्थिति में प्रशिक्षित आपदा मित्र के रूप में तैयार किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण स्वयंसेवकों के लिए भविष्य में रोजगार के नए अवसर भी खोलता है, विशेषकर होमगार्ड एवं एसडीआरएफ जैसी सेवाओं में प्राचार्या प्रो. रश्मि शर्मा रावल ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना की। राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयं सेवक प्रीति चौहान ने बताया कि उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले आपदा मित्रों को आगे विशेष प्रशिक्षण भी दिया जाएगा। समारोह में प्रो. अलका राय, प्रो. शौराज सिंह, डॉ. मनोज कुमार, डॉ. मदन पाल, डॉ. हिमांशु त्रिपाठी, डॉ. देवेश पाठक, डॉ. विवेक यादव, गोपाल कृष्ण तिवारी, डॉ. अनिल यादव, राधा रानी बरनवाल आदि शिक्षक उपस्थित रहे।



# स्वामी कृष्णस्वरूप के आश्रम पर हुआ भण्डारा

**धामपुर ( चिंगारी )।** श्रीश्री स्वामी कृष्ण स्वरूप जी महाराज के ग्राम गोइली स्थित आश्रम पर वार्षिक भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे का आयोजन ग्राम गोईली निवासी आर एस एम कॉलेज के सेवानिवृत प्रवक्ता स्वर्गीय प्रोफेसर रोहताश सिंह के परिवार, रामस्वरूप सिंह, महेंद्र सिंह, देवेंद्र सिंह की ओर से कराया गया। इस अवसर पर स्वर्गीय रोहताश सिंह के पुत्र संदीप कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, पूर्व राज्य मंत्री अशोक कटारिया, नगर पालिका अध्यक्ष चौधरी रवि कुमार सिंह, राजवीर सिंह, तारा सिंह, अर्जुन सिंह, जितेंद्र सिंह, निर्मल सिंह, जितेंद्र सिंह आदि ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। गांव उर्दूपुरा, कोडीपुरा, शेखपुरा, पुराना धामपुर, मिल्क तखावली, भुरापुर, शिवपुरी, गजरौला आदि गांव के लोगों ने स्वामी जी का आशीर्वाद ग्रहण किया।

# अति पिछड़ा वर्ग संगठन ने यूजीसी के नियम लागू करने की मांग की



अति पिछड़ा वर्ग संगठन ने यूजीसी कानून व पेंशन की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन।

**धामपुर ( चिंगारी )।** अति पिछड़ा वर्ग संगठन उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष तेजपाल सिंह सैनी एडवोकेट के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने देश की राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी धामपुर स्मृति मिश्रा को सौंपा। ज्ञापन में देशभर में यूजीसी कानून बनाकर उसे तुरंत लागू किए जाने की मांग की गई। संगठन ने कहा कि यदि कमजोर वर्गों के हितों की अनदेखी जारी रही तो आंदोलन तेज किया जाएगा।

ज्ञापन में आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने में छह यूनिट की बाध्यता समाप्त कर आर्थिक आधार पर कार्ड जारी करने की मांग की गई। साथ ही 60 वर्ष से अधिक आयु के किसानों व मजदूरों को पेंशन देने की मांग को भी मजबूती से रखा गया। उन्होंने कहा कि किसान और मजदूर जीवनभर देश के लिए काम करते हैं, लेकिन बुढ़ापे में उन्हें दो वक्त की रोटी के लिए संघर्ष करना पड़ता है। इस दौरान सूरजमल सैनी, राजवीर सिंह प्रजापति, डॉ. वीरेन्द्र सैनी, सुरेश, दयाराम, वीर सिंह, मुखराम आदि मौजूद रहे।

# सेंट पीटर्स स्कूल में भव्य विदाई समारोह सम्पन्न




## शयान मिस्टर, अदीबा मिस सेंट पीटर्स चुनी गईं

**किरतपुर ( चिंगारी )।** सेंट पीटर्स स्कूल में कक्षा बारहवीं के विद्यार्थियों के सम्मान में एक भव्य विदाई समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ।

विद्यालय प्रांगण में विद्यार्थियों का तिलक कर स्वागत किया गया। इसके पश्चात विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के लिए स्कूल प्रबंधन व शिक्षकों द्वारा प्रार्थना की गयी। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय के प्रबंधक रेवरेंड फादर बीजू ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को भविष्य के लिए प्रेरित किया और कहा कि सफलता पाने के लिए मेहनत, अनुशासन और विश्वास आवश्यक है।

वहीं विद्यालय की प्रधानाचार्या सिस्टर निकिता ने विद्यार्थियों को बड़े सपने देखने और उन्हें पूरा करने के लिए निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि केवल भाग्य से कोई भी लक्ष्य प्राप्त नहीं होता, बल्कि कड़ी मेहनत और ईश्वर पर विश्वास से ही सफलता मिलती है।

स्कूल प्रबंधन द्वारा कक्षा बारहवीं के छात्रों में से मोहम्मद शयान को मिस्टर संत पीटर्स विद्यार्थी के रूप में तथा अरीबा को मिस सेंट पीटर्स चुना गया। आकिफा को सर्वश्रेष्ठ अनुशासनशील विद्यार्थी के रूप में तथा वंशिका को सर्वाधिक अटेंडेंस के लिए सम्मानित किया गया। प्रतिभा गोंडियाल तथा मोहम्मद सालिक को शैक्षणिक क्षेत्र में शानदार प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। अंत में कक्षा 12 के विद्यार्थियों द्वारा विद्यालय के प्रति अपने अनुभव, स्नेह और आभार को भावुक शब्दों में व्यक्त किये गये। स्कूल प्रबंधन की ओर से विद्यार्थियों को ब्लेस्सिंग्स के साथ-साथ स्वीट्स भी वितरित की गयीं।

# आरवीआईटी में तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारम्भ



**बिजनौर ( चिंगारी )।** आरवी इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी बिजनौर में यूनिवर्सल ह्यूमन वेल्यू विषय पर तीन दिवसीय फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन किया गया है, जिसका शुभारंभ गुरुवार को हुआ। समापन 31 जनवरी को होगा। यह प्रोग्राम ऑल इंडिया काउंसिल फॉर टेक्निकल एडुकेशन न्यू दिल्ली के तत्वावधान में कराया जा रहा है। प्रोग्राम का शुभारंभ संस्थान के मैनेजिंग डारेक्टर सन्नी देशवाल, निदेशक डॉ. नितिन अग्रवाल, डॉ. हितेश कुमार, डॉ. आशुतोष कंसल और लोकल प्रोग्राम कोर्डिनेटर मोहम्मद अरशद ने किया। इस फैकल्टी डवलपमेंट प्रोग्राम का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों व छात्रों में मानव मूल्य व समग्र विकास के महत्व को उल्लेखित करना है। मानव मूल्य से समाज में प्रेम, सौहार्द एवं समन्वय स्थापित कैसे करें, इस बात पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। हम विकास के साथ-साथ प्राकृतिक संतुलन कैसे स्थापित करें, इस पर कार्यशाला के माध्यम से मुख्य वक्ता संवाद स्थापित कर रहे हैं। प्रोग्राम में विभिन्न कॉलेज के 75 से ज्यादा प्रवक्ता भाग ले रहे हैं।

# 10वीं पुण्यतिथि पर स्व. रामअवतार शर्मा का पुण्य स्मरण किया



**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्व. रामअवतार शर्मा पूर्व प्रवक्ता एमजीएम इंटर कॉलेज मण्डावर एवं संस्थापक चाचा नेहरू बाल विद्या मंदिर साहनपुर को उनकी 10वीं पुण्यतिथि पर विद्यालय परिसर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

उनके ज्येष्ठ पुत्र सुनील भारद्वाज ने बताया कि आज से 10 वर्ष पूर्व हमारे पूज्य पिता स्व. रामअवतार शर्मा जी 30 जनवरी 2016 को हम सबको छोड़कर चले गए थे, परंतु उनकी यादें, उनका आशीर्वाद, उनका मार्गदर्शन आज भी हमारे साथ है। चाचा नेहरू स्कूल की स्थापना उन्होंने 1986 में की थी, उनका लगाया हुआ पौधा आज भी जीवित है और प्राथमिक शिक्षा क्षेत्र में अपनी एक पहचान बनाए हुए है। उनकी पुण्यतिथि के अवसर पर विद्यालय परिसर में एक बाल कला प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें साहनपुर क्षेत्र के अनेक स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। इस अवसर स्कूल निदेशक सुनील भारद्वाज एड., प्रधानाचार्या नमिता रानी, शिखा सिंह, रूपा सिंह, सोफिया, वैशाली सिंह, अक्षिता सिंह आदि शिक्षिकाएं एवं अनेक पारिवारिक एवं गणमान्य उपस्थित रहे।

# स्योहारा में विकास हो सर्वत्र सांसद रुचि वीरा ने लिखा पत्र

## नगर में बस स्टैंड, सब्जी मण्डी, पार्किंग, शॉपिंग काम्पलेक्स बनाने की मांग

**स्योहारा ( चिंगारी )।** नगर पालिका परिषद स्योहारा क्षेत्र में प्रस्तावित विकास कार्यों को लेकर एक बार फिर प्रशासनिक स्तर पर हलचल तेज हो गई है। मुरादाबाद लोकसभा क्षेत्र से सांसद रुचि वीरा ने उत्तर प्रदेश सरकार को पत्र भेजकर स्योहारा नगर में बस स्टैंड, सब्जी-फल मंडी, अंडरग्राउंड पार्किंग और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के निर्माण हेतु प्रस्तावित सरकारी भूमि पर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। पत्र में उल्लेख किया गया है कि नगर पालिका परिषद स्योहारा द्वारा मुरादाबाद रोड स्थित बस स्टैंड के निर्माण के लिए छह बीघा तथा सब्जी-फल मंडी, अंडरग्राउंड पार्किंग व शॉपिंग कॉम्प्लेक्स के लिए बारह बीघा सरकारी भूमि पर विधिवत प्रस्ताव पारित कर जिलाधिकारी बिजनौर और राजस्व विभाग को भेजे जा चुके हैं। इसके बावजूद संबंधित भूमि पर कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा अवैध कब्जा करने के प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे जनहित की इस महत्वपूर्ण परियोजना में बाधा उत्पन्न हो रही है। सांसद ने पत्र में इसे गंभीर विषय बताते हुए कहा है कि यदि समय रहते कार्रवाई नहीं हुई तो भविष्य में भूमि विवाद और कानूनी जटिलताएं खड़ी हो सकती हैं, जिससे सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचने की आशंका है। स्योहारा नगर में स्थायी बस स्टैंड के अभाव में आमजन को यातायात जाम, अव्यवस्थित परिवहन और असुरक्षा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। पत्र के माध्यम से सरकार से आग्रह किया गया है कि प्रस्तावित सरकारी भूमि को अवैध कब्जों से सुरक्षित कराते हुए संबंधित विभागों को निर्देशित किया जाए, ताकि बस स्टैंड, सब्जी-फल मंडी, अंडरग्राउंड पार्किंग और शॉपिंग कॉम्प्लेक्स का निर्माण शीघ्र शुरू हो सके। यह परियोजना स्योहारा की यातायात व्यवस्था, व्यापार, रोजगार और जनसुविधाओं के विस्तार में अहम भूमिका निभा सकती है।

# ब्लॉक स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन

**हल्दौर ( चिंगारी )। बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित ब्लॉक हल्दौर की ब्लॉक स्तरीय प्रधानाध्यापक एवं प्रधानों का उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती अलका अग्रवाल के निर्देशन में किया गया।**




कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती अलका अग्रवाल ने मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह का स्वागत कस्तूरबा विद्यालय हल्दौर के बच्चों के साथ किया। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर तथा बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना के साथ किया गया। ब्लॉक संसाधन केंद्र के स्टाफ संध्या, शशांक कौशिक, तरुण, जय, शौर्य, सतीश, लेखराज, विपिन आदि द्वारा अतिथियों को स्वागत बैज लगाये गये। नोडल शिक्षक सन्नी चौधरी द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों पर चर्चा करते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया गया। नीरज भारद्वाज द्वारा उपस्थित ग्राम प्रधानों को डीबीटी योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। कृष्ण कुमार द्वारा सामाजिक जागरूकता को एक गीत में पिरोकर समझाया गया। एसआरजी आकाश अग्रवाल द्वारा निपुण भारत पर चर्चा की गई। मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख चौ.विजेंद्र सिंह द्वारा बच्चों की प्रस्तुति पर रु. 1100 नकद पुरस्कार देते हुए अपने उद्बोधन में समस्त ग्राम प्रधानों और प्रधानाध्यापकों से विद्यालयों को आकर्षक बनाने का आह्वान किया गया। गुलशन कुमार, प्रमेंद्र रायसन एवं खंड शिक्षा अधिकारी के संबोधन के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में विकास क्षेत्र के समस्त प्रधानाध्यापक अपने ग्राम प्रधानों के साथ उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन नीरज कुमार शर्मा द्वारा किया गया।

# विरोध कीजिये, चिट्ठी लिखिये..
## कांग्रेस का मनरेगा बचाओ संग्राम

**नहटौर ( चिंगारी )।** कांग्रेस पार्टी की ओर से मनरेगा बचाओ संग्राम के अंतर्गत ग्राम जरीफपुर चतर में मजदूरों को मनरेगा के बारे में बताया गया।

बृहस्पतिवार को बनवारी सिंह के आवास पर आयोजित हैनरीता राजीव सिंह (जिलाध्यक्ष कांग्रेस बिजनौर) ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार गरीब आदमी को सता रही है। उन्होंने मजदूरों को मनरेगा के बारे में बताते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी इसके लिये आवाज उठा रही है। उन्होंने कहा कि विरोध कीजिए, चिट्ठी लिखिए, टोल फ्री नंबर पर मिस कॉल कीजिए और अपना विरोध कीजिये। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने अपना मत लोगों को बताया। इस अवसर पर मो. सलीम जिला उपाध्यक्ष जिला कोऑर्डिनेटर मनरेगा, महेश कुमार, सुकेश कुमार, जिला सचिव रतिराम सिंह, ब्लॉक अध्यक्ष रामरतन सिंह, मंगत सिंह, अमरपाल सिंह, मदनपाल सिंह, रितिक कुमार, निखिल कुमार, हिमांशु कुमार, ऋषभ कुमार उपस्थित रहे।




# उल्लेखनीय कार्य करने वालों को सम्मानित किया

**चांदपुर ( चिंगारी )।** सामाजिक संस्था प्रेरणा परिवार की ओर से समाजसेवी स्व. रामकुमार वर्मा आर्य की स्मृति में एक शाम राष्ट्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाजसेवा व अन्य क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए अनेक लोगों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती व स्व. रामकुमार वर्मा आर्य के चित्र पर पुष्प अर्पित व दीप प्रज्वलित कर किया गया। मनोज डागर राजस्थान की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में वक्ताओं ने स्व. रामकुमार वर्मा के सामाजिक संघर्षों व प्रेरणा परिवार की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डा. एमपी सिंह, उर्वशी कर्णवाल, रचना त्यागी, बाल मुकुंद, बस के अन्दर रह गया डेढ़ लाख रुपए का थैला यात्री को वापस करने वाले रोडवेज बस चालक तसलीम अहमद व परिचालक नरेन्द्र कुमार आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में शिक्षाविद सुरेन्द्र मलिक, डा. सत्येन्द्र कुमार शर्मा, मनोज डागर, गोविन्द मित्तल, विकास कर्णवाल, ज्ञानप्रकाश वर्मा, श्रीमती ममता वर्मा, विनेश त्यागी, कृष्णवीर शर्मा फौजी, नीरज तिवारी एडवोकेट, वीरेन्द्र राजपूत, सुभाष जावा, सहित सैकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे। संचालन जगत शर्मा ने किया। अन्त में कार्यक्रम आयोजक ज्ञानप्रकाश वर्मा व श्रीमती ममता वर्मा ने सभी का आभार जताया।



# लोकतंत्र

लोकतन्त्र का हो गया  
अब तो अजब सा खेल  
भूख से किसान बेहाल है  
अमीर बन रहे धनकुबेर  
सौ धनाढ्यों ने कब्जा ली  
दो तिहाई धन संम्पति  
गरीब महंगाई से आहत है  
पेट पर बांध रहा है पट्टी  
सामाजिक असमानता का  
यहां हो रहा नंगा नाच  
अमीर और अमीर हो रहा  
गरीब पैसों से खाली हाथ  
सिर्फ सत्ता हथियाने को  
गरीब बने वोट का मोहरा  
सत्ता की कुर्सी पाकर  
भूल जाते आमजन चेहरा  
कुर्सी परस्तो पर भरोसा नहीं  
किस्मत अपनी खुद लिख लो  
परमात्मा तुम्हारे साथ है  
कर्तव्य पथ पर चल निकलो।



–श्रीगोपाल नारसन

# रोटरी क्लब बिजनौर ने जिलाधिकारी को सम्मानित किया




**बिजनौर ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब बिजनौर के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज जिलाधिकारी श्रीमती जसजीत कौर से भेंट कर उन्हें एसआईआर. के क्षेत्र में किए गए उत्कृष्ट कार्यों हेतु महामहिम राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किए जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिये रोटरी क्लब बिजनौर द्वारा जिलाधिकारी महोदया को स्मृति चिन्ह एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया। मंडल 3100 के असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन गौरव भारद्वाज (एडवोकेट) ने कहा कि महामहिम राष्ट्रपति द्वारा जिलाधिकारी महोदया को प्रदान किया गया यह सम्मान उनकी प्रशासनिक दक्षता, अनुशासित कार्यशैली एवं जनपद बिजनौर के सर्वांगीण विकास के लिए किए गए निरंतर प्रयासों का प्रतिफल है। इस अवसर पर रोटरी क्लब बिजनौर के अध्यक्ष रोटेरियन प्रियंक अग्रवाल, सचिव रोटेरियन उदय राठी (एडवोकेट), वरिष्ठ सदस्य रोटेरियन प्रशांत महर्षि, रोटेरियन कौशल शर्मा, रोटेरियन शिरीष खन्ना, रोटेरियन सुधीर अग्रवाल उपस्थित रहे।

# चीनी वैज्ञानिकों ने डार्क मैटर की खोज के लिए दुनिया का पहला क्वांटम नेटवर्क विकसित किया

**हेफेई ( एजेंसी/चिंगारी )।** चीन के वैज्ञानिकों ने डार्क मैटर (अदृश्य पदार्थ) की खोज के लिए दुनिया का पहला क्वांटम सेंसर नेटवर्क विकसित किया है। यह नेटवर्क पूर्वी चीन के हेफेई और हांगझोउ शहरों में स्थित प्रयोगशालाओं को जोड़ता है, जिनके बीच की दूरी 300 किलोमीटर से अधिक है। यह शोध प्रतिष्ठित विज्ञान पत्रिका नेचर में गुरुवार को प्रकाशित हुआ। इस परियोजना का नेतृत्व यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी ऑफ चाइना के वैज्ञानिकों ने किया। डार्क मैटर को ब्रह्मांड के सबसे बड़े रहस्यों में से एक माना जाता है। वैज्ञानिकों के अनुसार, ब्रह्मांड में मौजूद कुल पदार्थ का लगभग 26.8 प्रतिशत हिस्सा डार्क मैटर है। यह न तो दिखाई देता है और न ही रोशनी के साथ किसी तरह की प्रतिक्रिया करता है। इसकी मौजूदगी का अनुमान केवल इसके गुरुत्वाकर्षण प्रभाव से लगाया जाता है। इस शोध में वैज्ञानिकों ने एक्सियन नामक काल्पनिक कणों की खोज पर ध्यान केंद्रित किया। माना जाता है कि यही कण डार्क मैटर का निर्माण कर सकते हैं। वैज्ञानिकों का कहना है कि जब पृथ्वी अंतरिक्ष में डार्क मैटर के ऐसे क्षेत्रों से गुजरती है, तो एक्सियन कण परमाणुओं के नाभिक पर बहुत हल्का सा प्रभाव डाल सकते हैं। यह प्रभाव इतना क्षणिक और कमजोर होता है कि उसे पकड़ना बेहद कठिन है। इसी चुनौती को ध्यान में रखते हुए वैज्ञानिकों ने हेफेई और हांगझोउ में कुल पांच अत्याधुनिक क्वांटम सेंसर लगाए, जिन्हें एक साथ समन्वित किया गया। इस नेटवर्क की खासियत यह है कि किसी संकेत को तभी वास्तविक माना जाता है, जब वह एक साथ कई स्थानों पर दर्ज हो। इससे स्थानीय शोर या गलत संकेतों को हटाने में मदद मिलती है।



# यूपी में फ़र्ज़ी रजिस्ट्रियों पर लगेगी रोक

**लखनऊ ( एजेंसी/चिंगारी )।** उत्तर प्रदेश में ज़मीन खरीद के फर्जीवाड़े को रोकने के लिए सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब आधार प्रमाणीकरण व्यवस्था को 01 फरवरी से लागू किया जा रहा है। इससे व्यक्तियों द्वारा की जाने वाली फर्जी रजिस्ट्रियों पर प्रभावी रोक लगेगी। इस संबंध में आवश्यक अधिसूचनाएं जारी की गई हैं। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के स्टाम्प तथा पंजीयन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रवींद्र जायसवाल ने गुरुवार को विधान भवन में आयोजित प्रेसवार्ता में दी। मंत्री जायसवाल ने बताया कि विलेख पंजीकरण के दौरान निष्पादकों, पक्षकारों एवं गवाहों की पहचान सत्यापन हेतु आधार प्रमाणीकरण व्यवस्था 01 फरवरी 2026 से प्रदेश के सभी उपनिबंधक कार्यालयों में लागू कर दी जाएगी। इस संबंध में समस्त उपनिबंधक कार्यालयों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिये गये हैं। इसके अंतर्गत आधार संख्या धारकों की पहचान ई-केवाईसी, बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण एवं ई-हस्ताक्षर के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप में स्थापित की जाएगी। मंत्री ने बताया आधार आधारित बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण से व्यक्तियों द्वारा पंजीकरण पर प्रभावी रोक लगेगी, पंजीकरण प्रक्रिया में पारदर्शिता एवं विश्वसनीयता बढ़ेगी तथा भूमि एवं अचल संपत्ति से जुड़े फर्जीवाड़े, कूटरचित दस्तावेज और विवादों में उल्लेखनीय कमी आएगी। इससे डिजिटल पंजीकरण व्यवस्था सशक्त होगी, विधिक विवादों एवं न्यायालयीन वादों में कमी आएगी और नागरिकों के संपत्ति अधिकारों का संरक्षण सुनिश्चित होगा। यह व्यवस्था राज्य सरकार के डिजिटल गवर्नेंस लक्ष्यों के अनुरूप है। डिजिटाइजेशन कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए दस्तावेजों का दो स्तर पर सत्यापन किया जा रहा है, जिससे कूटरचना और फर्जीवाड़े पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो सकेगा।

# मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व भव्य कलश यात्रा निकली



झालू ( चिंगारी )। नगर के मोहल्ला नसीरियान स्थित शिव मंदिर में भगवान शिव परिवार सहित अन्य मूर्तियों की प्राण-प्रतिष्ठा के शुभारंभ से पूर्व गुरुवार को भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा मोहल्ला नसीरियान से प्रारंभ होकर नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई निकली। कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिला श्रद्धालु सिर पर कलश धारण कर पैदल चलती हुई शामिल रहीं। यात्रा प्राचीन मां कालिका देवी मंदिर से होते हुए मोहल्ला अमरूवाला, बाल्मीकि मोहल्ला, रामलीला मैदान, छतरीवाला कुआं, मुख्य बाजार, शिव चौक, पुरानी घासमंडी, मोहल्ला मिर्दगान एवं मोहल्ला जोशियान से होती हुई निकली। कलश यात्रा के पुरानी घासमंडी पहुंचने पर शिवम एडवोकेट एवं मंडल अध्यक्ष चिंकी गुप्ता द्वारा पुरानी घासमंडी मैदान में श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया तथा सूक्ष्म जलपान की व्यवस्था की गयी। इसके पश्चात पंडित नितिन शर्मा द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ कलशों को मोहल्ला नसीरियान स्थित शिव मंदिर प्रांगण में विधिवत स्थापित कराया गया। इस अवसर पर खिलेंद्र सिंह, मनीष आर्य, चंद्रवीर, सुभाष सिंह, कमल नैन, अनूप, सोमप्रकाश, अमित, राजीव, मधुर, हिमांशु, प्रांजल, अनमोल, सिया, यशोदा, पारुल, कुसुम, लवी, वंदना, सूची, मंजू, स्वाति, पूनम, कीर्तिका, ममता, दीपिका, कनिष्का सहित अनेक धर्मप्रेमी श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# नकली व नशीली दवाइयों के निर्माण व बिक्री पर रोक की मांग

बिजनौर ( चिंगारी )। जिला केमिस्ट एवं ड्रग एसोसिएशन ने नकली, नशीली व अधोमानक दवाइयों के निर्माण व अवैध बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को दिया। ज्ञापन में संगठन ने दवा के क्षेत्र में बढ़ते भ्रष्टाचार, नशीली दवाइयों की अवैध बिक्री तथा नकली व अधोमानक दवाओं के निर्माण पर गहरी चिंता व्यक्त की। संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि यह मामला जनता के स्वास्थ्य से जुड़ा हुआ है, जो जीवन और मृत्यु का प्रश्न बन चुका है, इसलिए इसे राष्ट्रीय महत्व का विषय मानते हुए कठोर कार्रवाई की जानी चाहिए। एसोसिएशन ने मांग की कि यदि किसी क्षेत्र में नशीली या अधोमानक दवाइयां पाई जाती हैं तो उसे संबंधित औषधि नियंत्रण एवं प्रशासनिक अधिकारियों की विफलता माना जाए और ऐसे अधिकारियों के विरुद्ध विभागीय एवं कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। ज्ञापन में यह भी कहा गया कि वर्तमान में दवाओं की सैंपलिंग रिटेलर स्तर पर की जा रही है, जबकि रिटेलर दवा आपूर्ति श्रृंखला की अंतिम एवं सबसे कमजोर कड़ी होता है। संगठन ने कैमिस्ट एवं रिटेलरों को अनावश्यक रूप से परेशान न किए जाने की भी मांग की। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष सुबोध कुमार, के.के. अग्रवाल, सुनील कुमार, नाहर सिंह, डॉ. पुखराज मलिक, रजनीश कुमार, हितेंद्र खरबंदा, देवेश कुमार चौधरी, वीरपाल सिंह, अचल चौहान, कमर अहमद, मोहम्मद शफी सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।



डीएम को ज्ञापन देते कैमिस्ट।

# वुड हैण्डीक्राफ्ट एसोसिएशन ने डीएम को सम्मानित किया




बिजनौर ( चिंगारी )। वुड हैण्डीक्राफ्ट एसोसिएशन नगीना के महासचिव खुर्शीद अहमद कुरैशी ने जिलाधिकारी जसजीत कौर को एसआईआर के क्रियान्वयन में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कार दिये जाने पर उन्हें सम्मानित किया। इस मौके पर खुर्शीद कुरैशी ने नगीना के काष्ठ कला उद्योग को सुविधाएं उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। उन्होंने बताया कि नगीना के काष्ठ कला उत्पाद का 80 प्रतिशत माल विदेशों को निर्यात होता है। उन्होंने जिलाधिकारी से नगीना की बंद कताई मिल में काष्ठ कला उद्योग विकसित करने की भी मांग की।

# चौ. जयंत सिंह के निजी सचिव का स्वागत किया



बिजनौर ( चिंगारी )। आज राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष व केन्द्र सरकार में मंत्री चौ. जयंत सिंह के निजी सचिव समरपाल राणा छात्र सभा जिला अध्यक्ष परितोष चंदेल के जाटान स्थित आवास पर पहुंचे। परितोष चंदेल ने समरपाल को लोकमाता अहिल्याबाई होल्कर का चित्र देकर व पटका पहनाकर उनका स्वागत किया। धनगर पीयूष चंदेल ने अपने पिता जी स्व. यादराम सिंह चंदेल के राजनैतिक व सामाजिक अनुभव के बारे में व किये गये कार्यों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर अशोक चौधरी, मुफीज आलम गुड्डू, कल्लू सारंग, वंश सारंग, अर्शी चेयरमैन, हकीम जी, गजेन्द्र चौधरी, धनगर समाज की ओर से चन्द्रपाल धनगर, कृपाल धनगर, भूदेव चंदेल, नरेश चंदेल आदि उपस्थित रहे।

# IIT-IIM-AIIMS में भी लागू हों यूजीसी के नये नियम- चंद्रशेखर

धामपुर ( चिंगारी )। नगीना लोकसभा क्षेत्र से सांसद चंद्रशेखर आज़ाद ने देश के शीर्ष उच्च शिक्षण संस्थानों में व्याप्त जातिगत और सामाजिक भेदभाव को लेकर केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। सांसद ने माननीय शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता सुनिश्चित करने के लिए बनाए गए UGC (उच्च शिक्षा संस्थानों में समानता के संवर्धन हेतु) विनियम, 2026 को केवल UGC से मान्यता प्राप्त संस्थानों तक सीमित न रखा जाए, बल्कि IIT, IIM, AIIMS सहित सभी केंद्रीय एवं स्वायत्त उच्च शिक्षण संस्थानों में इसे अनिवार्य रूप से लागू किया जाए।

पत्र में सांसद ने कहा है कि देश में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में आज भी जाति, वर्ग और सामाजिक आधार पर भेदभाव की गंभीर समस्या मौजूद है। इसे समाप्त करने के उद्देश्य से UGC द्वारा वर्ष 2026 में जो विनियम लागू किए गए हैं, वे सामाजिक न्याय की दिशा में एक सकारात्मक और आवश्यक पहल हैं। इन विनियमों का उद्देश्य अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, सामाजिक एवं शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और दिव्यांग छात्रों को भेदभाव से मुक्त, समान और सम्मानजनक शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना है।



सांसद ने अपने पत्र में यह भी स्पष्ट किया कि इन विनियमों का मूल उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में धर्म, नस्ल, जाति, लिंग, जन्म-स्थान और दिव्यांगता के आधार पर होने वाले किसी भी प्रकार के भेदभाव को समाप्त करना और सभी हितधारकों के बीच समानता व समावेशन सुनिश्चित करना है। यह व्यवस्था भारतीय संविधान के अनुच्छेद 14, 15, 16 और 21 की मूल भावना के अनुरूप है। हालांकि सांसद ने इसे अत्यंत चिंताजनक बताया कि वर्तमान में यह भेदभाव-निरोधक व्यवस्था केवल UGC से मान्यता प्राप्त संस्थानों तक ही सीमित है। IIT, IIM, IIT, AIIMS, मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज जैसे देश के प्रतिष्ठित केंद्रीय एवं स्वायत्त संस्था UGC के अधिकार क्षेत्र में न होने के कारण इन प्रावधानों से बाहर हैं। पत्र में यह भी उल्लेख किया गया है कि संस्थागत भेदभाव और मानसिक उत्पीड़न से जुड़ी सबसे अधिक शिकायतें इन्हीं प्रमुख संस्थानों से सामने आती रही हैं। ये वही संस्थान हैं, जहां से देश का भावी प्रशासनिक, तकनीकी और नीतिगत नेतृत्व तैयार होता है। ऐसे में यदि यहां समानता और न्याय सुनिश्चित नहीं होगा, तो समाज के वंचित वर्गों के छात्रों के साथ होने वाला अन्याय कभी समाप्त नहीं हो पाएगा।

# बंद था मकान, चोरों ने ताले तोड़कर चुराया सामान



बिजनौर ( चिंगारी )। चोर एक बंद मकान का ताला तोड़कर सोने-चांदी के ज़ेवर और एक सिलेंडर चोरी कर ले गये। यहां चांदपुर रोड पर स्थित जन्नत कालोनी में रहने वाला अहमद ट्रक पर क्लीनर के रूप में काम करता है। अहमद ट्रक पर बाहर गया था। उसकी पत्नी घर को ताला लगाकर मायके चली गई। कल शाम अहमद लौटकर आया तो उसके घर के ताले टूटे हुए थे। उसने ससुराल से पत्नी को बुलाया। अहमद के अनुसार चोर उसके घर से तीन सोने की और दो चांदी की चीज़ें और एक भरा हुआ गैस सिलेंडर चोरी कर ले गये। अहमद ने घटना की सूचना जाटान पुलिस चौकी को दे दी है।

# वित्तीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया रासेयो शिविर का छठा दिन

बिजनौर ( चिंगारी )। गीता इंटर कालेज, जाटान (बिजनौर) के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वितीय इकाई के द्वारा लगाये जा रहे सात दिवसीय विशेष शिविर का छठा दिवस वित्तीय साक्षरता दिवस के रूप में मनाया गया। छठे दिवस के मुख्य अतिथि डा. हरिओम रहे। डा. हरिओम ने स्वयंसेवकों को वित्तीय साक्षरता के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा कहा कि छोटी-छोटी बचत करके ही हम अधिक से अधिक धन एकत्र कर सकते हैं, इसलिये हमें छोटी-छोटी बचत करने की आदत डालनी चाहिए।

# मेधावी छात्रों को प्रदान किये रिसाल सिंह मेमोरियल अवार्ड





**चंदक (चिंगारी)।** गत वर्षों की भाति इस वर्ष भी गणतंत्र दिवस के पावन अवसर पर चंदक आदर्श ग्रामीण इंटर कॉलेज में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में बाबू रिसाल सिंह मेमोरियल अवार्ड, प्रतिभाशाली छात्रों को प्रदान किये गये। यह अवार्ड संयोजक प्रवीण सिंह एडवोकेट की अनुपस्थिति में कॉलेज प्रबंधक डॉ. बीरबल सिंह, पूर्व प्रधानाचार्य शिक्षक नेता सुरेंद्र मलिक एवं प्रधानाचार्य सुभाष चंद्र के करकमलों द्वारा प्रदान किए गये।

ज्ञातव्य कि गत 27-28 वर्षों से वरिष्ठ अधिवक्ता एवं पूर्व बार एसोसिएशन बिजनौर के अध्यक्ष प्रवीण सिंह एडवोकेट अपने पिताजी स्वर्गीय रिसाल सिंह जी की स्मृति में यह अवार्ड चन्दक कालेज के हाईस्कूल एवं इन्टर मीडियट की बोर्ड परीक्षा में प्रथम एवं द्वितीय श्रेणी प्राप्त करने वाले प्रतिभाशाली बच्चों को प्रदान कराते आ रहे हैं। वर्ष 2025 की परीक्षा में यह सम्मान हाईस्कूल के लिए मानसी पुत्री नरेंद्र प्रथम एवं निधि राजपूत पुत्री अनमोल द्वितीय तथा इंटर के लिए शाहीन पुत्री फहीम अहमद प्रथम एवं हर्षित कुमार पुत्र खुशपाल सिंह द्वितीय को प्रदान किए गये। इस अवसर पर लोकदल नेता चौधरी ब्रजवीर सिंह के साथ गन्ना सहकारी समिति अध्यक्ष चौधरी ब्रजकुमार सिंह, पूर्व शिक्षक हरिदत्त शर्मा, विपिन कुमार अध्यक्ष किसान सहकारी समिति खुडाहेड़ी आदि की उपस्थिति रही।

# डाक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन



**बिजनौर (चिंगारी)।** डाक कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। भारतीय ग्रामीण डाक कर्मचारी संघ बिजनौर द्वारा संचार मंत्री भारत सरकार को प्रेषित ज्ञापन डाक अधीक्षक को दिया गया। ज्ञापन में ग्रामीण डाक सेवकों को आठवें वेतन आयोग में शामिल करने, जीडीएस कर्मचारियों के उत्पीड़न को रोकने व देशभर के शाखा डाकघरों के स्थानांतरण की रोकने की मांग की गई। प्रदर्शन करने वालों में देवेंद्रदत्त शर्मा, विनोद चौहान, भूदेव सिंह, सिमरन चौधरी, लाल सिंह आदि डाक कर्मचारी शामिल रहे।

# शांतिपूर्वक मनायें रविदास जयंती-एएसपी



**किरतपुर (चिंगारी)।** रविदास जयंती के अवसर पर निकलने वाले जुलूस को शांतिपूर्ण और सौहार्दपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर थाना प्रांगण में अमन कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में रविदास जयंती जुलूस कमेटी के पदाधिकारी, क्षेत्र के ग्राम प्रधान तथा गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर बैठक को संबोधित करते हुए एसपी सिटी ने कहा कि रविदास जयंती आपसी भाईचारे का पर्व है, जिसे सभी लोग मिल-जुलकर शांति व अनुशासन के साथ मनाएं। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिये कि जुलूस के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दिया जाए और कोई भी व्यक्ति कानून अपने हाथ में न ले। एसपी सिटी ने जुलूस मार्ग, समय सारिणी, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के प्रयोग तथा यातायात व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। बैठक में उपस्थित ग्राम प्रधानों व जुलूस कमेटी के पदाधिकारियों ने प्रशासन को आश्वस्त किया कि रविदास जयंती का जुलूस शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में निकाला जाएगा।

पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम करने का भरोसा भी दिलाया गया।

# बच्चों ने कार्यक्रम पेश कर मन मोह लिया




**नजीबाबाद (चिंगारी)।** नगर के मूलचंद एकेडमी सीनियर सेकेंडरी स्कूल में गणतंत्र दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रबंधक अनिल चौहान एडवोकेट, प्रधानाचार्या श्रीमती ममता सिंह चौहान एवं उपप्रधानाचार्य डीएस राठौर द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। बच्चों ने सरस्वती वंदना, नृत्य, भाषण व कविताएं प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। अध्यापक राजकुमार द्वारा गणतंत्र दिवस पर प्रस्तुत की गई कविता काफी सराही गई। विद्यालय के उपप्रधानाचार्य डीएस राठौर ने अंग्रेजी भाषा में स्पीच देकर बच्चों का मार्गदर्शन किया। अंत में विद्यालय के प्रबंधक अनिल कुमार चौहान एडवोकेट ने सभी को गणतंत्र दिवस की बधाई दी।

# रेहड़ पुलिस ने अमर शहीदों को श्रद्धांजलि दी



**कासमपुर गढ़ी (चिंगारी)। आज प्रातः थाना रेहड़ प्रांगण में थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी सहित उपस्थित समस्त उपनिरीक्षकों व पुलिसकर्मियों ने भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के बलिदानियों को याद करते हुए 2 मिनट का मौन धारण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर थानाध्यक्ष विजेंद्र सिंह राठी ने देश के अमर शहीदों को याद करते हुए देश की आजादी के प्रति उनकी कुर्बानियों पर विस्तृत चर्चा की और कहा कि देशवासी सदैव उनके ऋणी रहेंगे।**

# क्षत्रिय राजपूत समिति की नवगठित नगर कार्यकारिणी ने शपथ ली



**नूरपुर (चिंगारी)।** क्षत्रिय राजपूत समिति की नवगठित नगर कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि कुंवर संजय सिंह अध्यक्ष महाराज मुकुट सिंह शेखावत संस्थान मोरना व विशिष्ट अतिथि डा. प्रमेन्द्र सिंह चौहान सेवानिवृत्त मुख्य चिकित्साधिकारी की अध्यक्षता तथा मा. हर्षवर्धन के संचालन में दीप प्रज्वलित करने के बाद चुनाव अधिकारी हेमराज व देशराज सिंह एडवोकेट ने अध्यक्ष राजीव कुमार (चौधरी बीज भण्डार नूरपुर), महामंत्री सुशील ठाकुर, कोषाध्यक्ष मनोष कुमार, उपाध्यक्ष डॉ. दयाराम सिंह, उपसचिव सुखवीर, सगठन मंत्री संजीव कुमार, ऑडिटर मा. पंकज राणा, सलाहकार चंद्रशेखर राणा एडवोकेट, मीडिया प्रभारी सुबोध चौहान के साथ-साथ धर्मेन्द्र सिंह, अविनेश राणा, आशीष वशिष्ट, दीपक कुमार, मुनेश कुमार, पारुल चौहान, रामौतार सिंह सदस्यों को समाज के प्रति कार्य करने की शपथ दिलाई गयी। नरेश वत्स, विनीत देवरा, जीतेन्द्र बेन्स, नूरपुर ब्लॉक प्रमुख आकांशा चौहान, उमेश चन्द्र, राजेश्वर, नवनीत उर्फ़ नीटू, पूर्व प्रधानाचार्य रामप्रसाद, दिनेश कुमार फोटोग्राफर, बिजेंश कुमार भगत जी, मास्टर गंभीर सिंह, ताजेश्वर सिंह, नवल किशोर, डॉ. रामकुमार राणा आदि क्षत्रिय राजपूत बन्धुओं ने भाग लिया।

# जाम से मुक्ति दिलाने में नगीना पुलिस नाकाम

## एंबुलेंस भी फंसी चार बार


गन्ना समिति चौराहे पर लगे भयंकर जाम में फंसी स्कूली वैन।


गन्ना समिति चौराहे पर लगे भयंकर जाम के बीच फंसी एम्बुलेंस।

नगीना ( चिंगारी )। नगर के मुख्य बाजार में रोजाना लगने वाले जाम से आम लोगों को निजात दिलाने में पुलिस प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो रहा है। बृहस्पतिवार को भी करीब आधा घंटे से अधिक समय तक नगर के मुख्य मार्ग पर लगे जाम में चार बार एंबुलेंस भी फंसी रही, लेकिन दूर तक कोई पुलिसकर्मी दिखाई नहीं दिया। जब स्थिति भयानक हो गई तब मौके पर पहुंचकर पुलिसकर्मियों ने जाम खुलवाने की रस्म अदायगी निभाई।

पिछले काफी समय से नगर का मुख्य मार्ग जाम मार्ग में तब्दील हो गया है। स्टेशन रोड पर गन्ना समिति चौराहे के पास रोजाना जाम लगना अब आम बात हो गई है। इस तिराहे के पास नहर की पुलिया पर खड़े होने वाले ठेलों व आसपास स्थित बैंकों के बाहर खड़े होने वाले वाहन कोढ़ में खाज का काम कर रहे हैं। बृहस्पतिवार को इस चौराहे पर लगे जाम में न केवल स्कूली बच्चों की गाड़ियां फंसीं, बल्कि चार बार एंबुलेंस को भी इसका शिकार होना पड़ा। सवाल यह उठता है कि गंभीर मरीज को लेकर अस्पताल पहुंचने वाली एंबुलेंस यदि जाम में फंसी रहेगी तो कभी भी किसी मरीज की जान पर बन आ सकती है। नगर पालिका व पुलिस प्रशासन इस मार्ग पर बढ़ते अतिक्रमण व जाम की समस्या को सुलझाने में विफल साबित हो रहे हैं। कमोबेश यही हाल रोजाना रेलवे स्टेशन से लेकर रेलवे फाटक तक जाम का रहता है। बृहस्पतिवार को इस मार्ग पर भी पूरे दिन बड़े वाहनों का जाम लगा रहा और पुलिसकर्मी मुकदर्शक बने रहे। इस मुख्य मार्ग पर स्थित होटलों के बाहर खड़े होने वाले वाहनों व फुटपाथ पर ठेले वालों ने अवैध कब्जे ने इस मार्ग को जाम मार्ग बना रखा है। रेलवे फाटक के बंद होने के बाद इस मार्ग पर जाम की स्थिति और अधिक विकराल हो जाती है। लेकिन चित्तौड़गढ़ चौकी पर तैनात पुलिसकर्मी जाम खुलवाने में कोई रुचि नहीं दिखाते हैं। इस संबंध में पुलिस क्षेत्राधिकारी डॉक्टर अंजनी कुमार चतुर्वेदी का कहना है कि जाम लगने की सूचना मिलने के बाद उसे खुलवाने के लिए पुलिसकर्मियों को तत्काल मौके पर भेजा गया है। जाम न लगे इसके लिए कठोर प्रयास किए जाएंगे।

## व्यापारी नेता कपिल सर्राफ ने किया रेस्टोरेंट का उद्घाटन

नजीबाबाद (चिंगारी)। हरिद्वार रोड स्थित साहनपुर स्टेट पुलिस चौकी के पास पीके रेस्टोरेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिलाध्यक्ष कपिल सर्राफ द्वारा किया गया। इस मौके पर नगर अध्यक्ष व्यापार संगठन शाहिद सिद्दीकी, सब इंस्पेक्टर साहनपुर चौकी संदीप कुमार, मास्टर कर्ण सिंह, हाजी अय्यूब अहमद, अनिल कुमार, जितेंद्र सिंह सहित काफी व्यापारी मौजूद रहे। रेस्टोरेंट के मालिक परविंदर कुमार ने कपिल सर्राफ एवं अन्य अतिथियों का फूल मालाओं से स्वागत किया।

## पीस मॉडल स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये

नजीबाबाद (चिंगारी)। पीस मॉडल स्कूल साहनपुर में गणतंत्र दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये। स्कूल के प्रबंधक अकरम खान ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में गोविंद सिंह कुशवाह, नीशू, नजर परवीन आदि का विशेष सहयोग रहा।

## ओरंगपुर भिक्कू में हर्षोल्लास के साथ मनाया गणतंत्र दिवस

मंडावली ( चिंगारी )। पूर्व माध्यमिक विद्यालय ओरंगपुर भिक्कू में 77 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। मुख्य अध्यापक सुशीला हल्दिया ने ध्वजारोहण किया। अमर वीर शहीदों को नमन करते हुए आजादी के पर्व को मनाया। चांदनी, आयत नाज, इकरा, अल्फीशा , गुलनाज आदि छात्र, छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नसीम अहमद, अध्यापक मोहम्मद फुरकान, शमसुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## रेलकर्मी की पत्नी ने फांसी लगाकर आत्महत्या की

नजीबाबाद (चिंगारी)। आदर्शनगर बिजलीघर के पास कालोनी में रहने वाले लक्सर रेलवे स्टेशन पर तैनात रेलकर्मी अंकित कुमार की पत्नी रूपाली ने गुरुवार को दोपहर गले में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना मिलने पर सीओ नितेश प्रताप सिंह व थाना प्रभारी राहुल कुमार ने मौके पर पहुंचकर शव को फांसी के फंदे से उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए बिजनौर भेज दिया। पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## गणतंत्र दिवस पर किसानों ने निकाली विशाल वाहन रैली

**नजीबाबाद ( चिंगारी )। भारतीय किसान यूनियन के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने गणतंत्र दिवस के मौके पर नगर में विशाल तिरंगा यात्रा निकाली। भाकियू के प्रदेश उपाध्यक्ष बाबूराम तोमर के नेतृत्व में हरिद्वार मार्ग से निकाली गई रैली में काफी संख्या में किसान अपने ट्रैक्टरों पर तिरंगा झंडा लेकर मौजूद रहे। तिरंगा यात्रा नगर के हरिद्वार मार्ग से होकर तहसील पहुंची। साथ ही भारतीय किसान यूनियन कृषि क्रांति अराजनैतिक के राष्ट्रीय अध्यक्ष इंतजार मूसा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने नगर में गणतंत्र दिवस पर वाहन रैली निकाली।**

## मदरसा इस्लामिया फैज़ुल इस्लाम के दस बच्चे हुये कुरआन हाफ़िज़

बिजनौर (चिंगारी)। स्थनीय मोहल्ला मिर्दगान स्थित मदरसा इस्लामिया अरबिया फैजुल इस्लाम में हुए जलसे में दस्तारबंदी (दीक्षांत समारोह) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की सरपरस्ती (संरक्षण) रशीद अहमद (खलीफा हजरत अब्दुल मालिक भागलपुरी) ने की, जबकि अध्यक्षता मदरसा शाही मुरादाबाद के उस्ताद मुफ्ती अब्दुल रहमान (खलीफा पीर जुल्फिकार अहमद नकशबंदी) ने फरमाई।



### जलसे में हुई दस्तारबंदी

कार्यक्रम का संचालन मौलाना इब्ने हसन कासमी ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कारी हसीबुर्रहमान की तिलावत-ए-कुरान और कारी मोहम्मद सलमान द्वारा प्रस्तुत नातिया कलाम से हुआ। कार्यक्रम को मुख्य अतिथि दारुल उलूम देवबंद के मुबल्लिग मौलाना इरफानउल्लाह ने संबोधित करते हुए कहा कि कुरान करीम अल्लाह की वह किताब है जिसे नबी-ए- अकरम (सल्ल.) पर नाजिल किया गया। इसकी हिफाजत का जिम्मा खुद अल्लाह ने लिया है। आज इन बच्चों के जरिए अल्लाह कुरान के अल्फाज, मानी, तजवीद और तफसीर की हिफाजत फरमा रहा है। कुरान हिफ्ज करने वाले और तजवीज मुकम्मल करने वाले छात्रों को 'दस्तार-ए-फजीलत' (पगड़ी) और प्रमाण-पत्र से नवाजा गया। हिफ्ज-ए-कुरान के छात्र हाफिज मोहम्मद जैद, हाफिज मोहम्मद रेहान, हाफिज मोहम्मद हारून, हाफिज मोहम्मद उजैर, हाफिज मोहम्मद हमजा, हाफिज मोहम्मद ओवैस (सभी बिजनौर), हाफिज मोहम्मद सुहैल (मणिपुर), हाफिज मोहम्मद अयान (पानीपत), हाफिज मोहम्मद अब्दुल्ला (सीकरी बुजुर्ग), हाफिज मोहम्मद उजैर (नगीना), हाफिज मोहम्मद अफशान (खटाई), हाफिज मोहम्मद अबूजर (नूरपुर) और हाफिज मोहम्मद साद (रवाना शिकारपुर) तजवीद-ए-कुरान के छात्र कारी राफेउद्दीन, कारी मोहम्मद हुजैफा (बिजनौर), कारी मोहम्मद अरबाज (जंदरपुर), कारी मोहम्मद इस्माइल (जसपुर), कारी मोहम्मद साकिब (सुहागपुर), कारी मोहम्मद इरशाद (मुबारकपुर तालन) और कारी मोहम्मद साइब सियालवी (नगला)रहे। मंच पर मुख्य रूप से कारी अली हसन, हाफिज शौकत अली, मुफ्ती रफेऊज्जमा, मौलाना इरफान अहमद, मौलाना शौकत अली, मुफ्ती राशिदुल्लाह, मौलाना अनीसुर्रहमान फैजी, मुफ्ती वकार अहमद, मुफ्ती इफ्तिखार अहमद, कारी मोहम्मद अय्यूब, मौलाना शरीफ अहमद, पूर्व चेयरमैन शमशाद अंसारी, इरशाद इंजीनियर, मुतवल्ली मोहम्मद अहमद, कारी इस्लामउद्दीन और कारी अब्दुल हलीम हसनी आदि मौजूद रहे।

## मौहम्मद अली जौहर स्कूल में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला रम्पुरा स्थित मौहम्मद अली जौहर गर्ल्स इन्टर कॉलेज में मतदाता जागरूकता पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का निर्देशन प्रधानाचार्या ज्योति शर्मा ने किया। इस अवसर पर छात्राओं ने मतदाता जागरूकता पर अपने विचार रखे। छात्रा मुस्कान, सायरा, कहकशा ने मतदान अवश्य करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर आयोजित पोस्टर प्रतियोगिता में कक्षा 8 की अदीबा ने प्रथम, मदीहा ने द्वितीय तथा युसरा व लबीबा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में शिक्षिका फौजिया परवीन, फरहा, बुशरा रहमान, शगुफ्ता रहमान का सहयोग रहा।

# हिन्दुत्व की रक्षा के लिये एकजुट व संगठित हों सनातनी





## चांदपुर में हुआ हिन्दू सम्मेलन का आयोजन

**चांदपुर ( चिंगारी )।** हिंदू सम्मेलन में हिंदुओं को एकजुट एवं संगठित होने के लिए संकल्पित किया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। यहां वैदिक कन्या इंटर कालेज के सभाकक्ष में राम मोहन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य विनेश त्यागी के संचालन में आयोजित हिंदू सम्मेलन में बताया गया कि सनातन धर्म का न आदि है, न अंत। हिंदू धर्म सर्वोपरि है। हिंदुत्व की रक्षा के लिए एकजुट होकर, छुआछूत एवं जाति के भेदभाव को भूलकर सभी सनातनियों को एकजुट एवं संगठित होकर आगे आने की आवश्यकता जताई गई। आरएसएस के विभाग संचालक महेश पाल सिंह ने अपने विचार रखते हुए कहा कि जब-जब हिंदू बटा है, उसे नुकसान उठाना पड़ा है। वर्तमान में देश व प्रदेश में चल रही सरकार हिंदुओं के हित के लिए कार्य कर रही है। सुनील जी विभाग प्रचारक ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के इतिहास एवं संघर्ष भरी यात्रा पर प्रकाश डाला। अमित जी जिला सह संपर्क प्रमुख ने सर संघचालक मोहन भागवत जी द्वारा दिये गए पंच परिवर्तनों को विस्तार से समझाया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवल एवं गणपति वंदना से हुआ। गणपति वंदना में आरोही माहेश्वरी, अन्य माहेश्वरी एवं अमित माहेश्वरी ने भाग लिया। ख्याति चौधरी द्वारा प्रस्तुत धरती माता की पुकार एकाभिनय, गंगा अवतरण जो की वैदिक कन्या इंटर कॉलेज की बालिकाओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया, को सभी ने खूब सराहा। सबसे छोटे कलाकार विवान बस्सी ने गायत्री मंत्र बोला। कार्यक्रम में लक्ष्मी नारायण अग्रवाल, जगत शर्मा, संजीव बंसल काके, डा. प्रदीप भाटिया, नगर संघचालक कृष्ण कुमार अग्रवाल, नगर कार्यवा सुनील शर्मा, संकेत एडवोकेट, राहुल अग्रवाल, विष्णु अग्रवाल, प्रमोद भटनागर, पंकज एडवोकेट, प्रशांत अग्रवाल, आदित्य बंसल, अजय वर्मा, नवीन अग्रवाल, रविंद्र शर्मा प्रधानाचार्य हिंदू इंटर कॉलेज, विपिन पांडेय, डॉ. दीपक अरोड़ा, निर्मल पांडे, नवनीत, विष्णु अग्रवाल, प्रशांत अग्रवाल, अशोक शर्मा, मंजू त्यागी, नीतू अरोड़ा, मीनू शर्मा, निधि चतुर्वेदी, पलक अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, सुनीता शर्मा, शरण प्यारी, रितु बाला रस्तौगी, रचना त्यागी, नीलम त्यागी, प्रीति चौधरी, प्रियंका अग्रवाल, कविता अग्रवाल, कविता त्यागी, नीलम आर्य, कोपल महेश्वरी आदि रहे।

# नरेश टिकैत का स्वागत किया



**नूरपुर ( चिंगारी )।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत)के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नरेश टिकैत बृहस्पतिवार की अपराह्न मुजफ्फरनगर से छजलैट (मुरादाबाद) जाते हुए कुछ समय के लिए चांदपुर रोड स्थित यूनियन के ब्लॉक कार्यालय पर रुके, जहां ब्लॉक अध्यक्ष चौधरी चन्द्रपाल सिंह के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर नरेश टिकैत ने कहा कि सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता संगठन की मजबूती के लिए काम करें। आपस में किसी प्रकार के मतभेद न रखें। इस अवसर पर पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष विनीत धनकड़, शीशपाल सिंह, समरपाल सिंह, दुष्यंत यादव आदि उपस्थित रहे।

# शेरकोट मुस्लिम फंड ने वितरित किये लिहाफ

**शेरकोट ( चिंगारी )।** शेरकोट मुस्लिम फंड, शेरकोट की ओर से आयोजित वितरण कार्यक्रम में 300 गरीबों और जरूरतमंदों को लिहाफ वितरित किए गए। बृहस्पतिवार को मुस्लिम फंड कार्यालय पर आयोजित हुए कार्यक्रम में संस्था के जनरल सेक्रेटरी मौलाना उबैदुर्रहमान कासमी ने गरीबों की सेवा को सबसे बड़ा पुण्य बताते हुए कहा कि इस धनवान व्यक्ति को गरीबों की मदद के लिए आगे आना चाहिए। उन्होंने लोगों से गरीबों, बेसहारा और जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। उन्होंने बताया कि सर्दी के मौसम में प्रतिवर्ष मुस्लिम फंड की ओर से गरीबों को लिहाफों का वितरण किया जाता है। इसी क्रम में इस साल भी 300 जरूरतमंदों को लिहाफ बांटे गए हैं। मुस्लिम फंड मैनेजर रफीक अहमद ने बताया कि



उनकी संस्था द्वारा समय-समय पर गरीबों को राहत पहुंचाने के काम किये जाते हैं, जिनमें हर साल आई कैम्प लगवाकर सैकड़ों लोगों की आंखों का नि:शुल्क आपरेशन व इलाज भी कराया जाता है। इस मौके पर शेख़ नज़रुल इस्लाम, शेख इस्माइल, मौ. हाशिम, मौ. सरवर, महफूज अहमद, लईकुर्रहमान, बुरहानुर्रहमान, मौ. जुबेर, मौ. राशिद, दानिश सरवर आदि लोग उपस्थित रहे।

# रासेयो शिविर में मनाया पर्यावरण दिवस

**बिजनौर ( चिंगारी )।** स्थानीय गीता इंटर कालेज की राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई के स्वयंसेवकों द्वारा ग्राम तीबड़ी में चल रहा सात दिवसीय विशेष शिविर का पांचवां दिन पर्यावरण दिवस के रूप में मनाया गया। पांचवें दिवस के मुख्य अतिथि व पर्यवेक्षक सुभाषचन्द्र (उपप्रधानाचार्य) राजकीय इ.का. बिजनौर व विद्यालय के प्रबंधक धर्मवीर सिंह सैनी एड. रहे। सुभाष चन्द्र ने कैम्प का निरीक्षण कर स्वयं सेवकों को पर्यावरण के विषय में विस्तार से जानकारी दी। सर्वप्रथम स्वयंसेवकों ने ग्राम तीबड़ी में रैली निकालकर ग्रामवासियों को पर्यावरण के विषय में जागरूक किया। शिविर को सफल बनाने में कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती दीपा रानी, तिलकराम, गजराज सिंह, हिमांशु सैनी, रीना रानी, रुहिना अंसारी, राजबाल आदि अध्यापकों ने योगदान दिया।

# हाशमी एकेडमी में गणतंत्र दिवस पर बच्चों ने पेश किया शानदार कार्यक्रम



**चांदपुर( चिंगारी )।** हाशमी एजुकेशनल एकेडमी में 77वां गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। श्रीमती साजिदा परवीन व नौशाद अली की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कक्षा 5, 6 और 7 के बच्चों ने सामाजिक संदेश देते हुए कई नाटक प्रस्तुत किये। नर्सरी से कक्षा चार तक के बच्चों ने गीत, कविता व नज़्म आदि प्रस्तुत कर वाहवाही लूटी। अध्यापक शुभम शर्मा ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संविधान के बारे में संक्षिप्त रूप से बच्चों को समझाया। अंज़ार बारी, फराज अमीर, वसीम अकरम, शहजाद अहमद, नवनीत सिंह, आबिद हसन, मीनाक्षी, रखशंदा इमरान, शिवानी, रिहाना जाहिद, शाहीन अतहर, रिहाना फारूकी, गुलशना, सलमा एवं अन्य सभी अध्यापकगणों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया। हाशमी एजुकेशनल एकेडमी के प्रिंसिपल मोहम्मद असलम ने गणतंत्र दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। अंत में विद्यालय संचालक श्रीमती साजिदा परवीन ने कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी छात्र-छात्राओं को संबोधित कर उनका हौसला बढ़ाया। कार्यक्रम में हुए अतिथियों एवं अभिभावकों का आभार व्यक्त किया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

# शेरकोट में धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस



नगरपालिका कार्यालय में ध्वजारोहण करते हुये चेयरपर्सन शबनम नाज़।

**शेरकोट ( चिंगारी )।** नगर व ग्रामीण क्षेत्र में गणतंत्र दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर सभी सरकारी और गैर सरकारी संस्थाओं के कार्यालयों पर तिरंगा फहराया गया। नगरपालिका कार्यालय में चेयरपर्सन शबनम नाज़ ने ध्वजारोहण किया। अधिशासी अधिकारी कृष्ण मुरारी ने संविधान का पालन करने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में पूर्व विधायक मौ. गाज़ी और चेयरपर्सन प्रतिनिधि मौ. कमाल ने नगरवासियों को बधाई दी और अधिक से अधिक विकास कराने का भरोसा दिलाया। कार्यक्रम में अभिलाष श्रीवास्तव, मौ. ताहिर, फहीम अहमद, हरिराज सिंह, मुख्तारूलहसन, सुनील कुमार, हाजी सत्तार, सभासद मौ. शादाब, चांद खां, इकबाल अहमद, विपिन कुमार, चन्दन खां, निशात अली, शहजाद मंसूरी, इरशाद अहमद, शहजाद खान, शमशाद कस्सार आदि ने भाग लिया। महामाया राजकीय महाविद्यालय में कार्यवाहक प्राचार्य डॉ. मुकेश कुमार ने ध्वजारोहण किया। थाना प्रांगण में थानाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार ने ध्वजारोहण कर पुलिस स्टाफ को शपथ दिलाई। मदरसा इस्लामिया जामा मस्जिद में क़ाज़ी शमीम ने झंडा फहराया। मुफ्ती मौ. अमानुर्रब, गुफरान राजा, आदि मौजूद रहे। आर.यू.एम. उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रबंधक फुरकान महमूद अंसारी, ऑल सेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शादाब खान, मदरसा इस्लामिया मस्जिद गंज में विस्तार अहमद, मदरसा इस्लामिया अरबिया रहमानिया में मौलाना अताउर्रहमान, मुस्लिम फण्ड में प्रबंधक मौ. रफीक, मुस्लिम फण्ड कन्या इन्टर कालेज में मौलाना उबैदर्रहमान कासमी, मौ. हासिम, शेख नजरुल इस्लाम ने संयुक्त रूप से झंडा फहराया। बाबू जी मेमोरियल इंटरनेशनल स्कूल में कफील अहमद व शकील अहमद, ऑल असद ट्रस्ट कार्यालय में मौ. अरशद ने तिरंगा फहराया। एस एम गुडविल एकेडमी में अंकुर जैन, हम वेलफेयर सोसाइटी कार्यालय पर मौ शादाब, नदीम इदरीसी, डॉ. सोहराब ने ध्वजारोहण किया। इस मौके पर स्कूलों और मदरसों में बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये और नगर में प्रभात फेरियां भी निकाली गई, जिससे दिन भर नगर में देश भक्ति के तरानों की आवाजें गूंजती सुनाई दी।

# शिवम सिंघल की माता जी का निधन

**किरतपुर ( चिंगारी )।** भारतीय जनता पार्टी के नगर महामंत्री शिवम सिंघल की माता लता सिंघल (60 वर्ष) का कल रात निधन हो गया। उनके निधन का समाचार मिलते ही नगर व क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सुबह नगर व क्षेत्र के सैकड़ों लोगों ने उनके घर जाकर अंतिम दर्शन किए। लता सिंघल धार्मिक प्रवृत्ति की महिला थीं और साथ-साथ मृदु भाषी भी थीं। दोपहर बाद उनका अंतिम संस्कार गंगा बैराज पर किया जाएगा। उनकी मृत्यु पर आदेश अग्रवाल, गौरव पाराशर, सुंदर गोयल, सोनू वर्मा, तिलक कालरा, बृजमोहन राजपूत, दीपक अरोड़ा, अशरफ जमील एडवोकेट, नवनीत राजपूत, हनुमान सिंह चौहान, संजय चौहान, रजनी कालरा, बीना राणा, अनुज अग्रवाल, कन्हैया राणा, मुकुल सर्राफ, प्रीतम वर्मा, मनोज अग्रवाल उर्फ डब्बू भाई, योगेंद्र राजपूत, अशोक सैनी, यश अग्रवाल आदि ने शोक व्यक्त किया।

# मॉडर्न ऐरा स्कूल मंडावर में उत्साहपूर्वक मनाया गया गणतंत्र दिवस

**मंडावर ( चिंगारी )।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल, मंडावर में 77वां गणतंत्र दिवस अत्यंत उत्साह और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंधक अनिल कुमार चौधरी, विद्यालय अध्यक्ष ठाकुर गजेंद्र सिंह, विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य नमन चौधरी तथा प्रधानाचार्य डॉ. मदन सिंह रावत द्वारा ध्वजारोहण कर किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने रंगारंग देशभक्ति कार्यक्रम प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रबंधक अनिल चौधरी ने गणतंत्र दिवस का महत्व बताते हुए कहा कि यह दिन उन सभी स्वतंत्रता सेनानियों को नमन करने का शुभ अवसर है, जिन्होंने अपना बलिदान देकर हमें स्वतंत्रता दिलाई, ताकि हम अपना गणराज्य और लोकतंत्र स्थापित कर सकें। उन्होंने आगे कहा कि आज का यह दिन हमें हमारे कर्तव्यों के प्रति सजग रहने



की याद दिलाता है। प्रधानाचार्य ने सभी का आभार प्रकट करते हुए बताया कि एक विकसित और सशक्त भारत के लिए, हमें ईमानदारी, शिक्षा और परिश्रम को अपनी प्राथमिकता बनाना होगा।

चिंगारी
के लिये नहटौर में समाचार और विज्ञापन के लिये संपर्क करें।
मोहित शर्मा
संवाददाता, मोबाइल नम्बर-
9012967455

# घर के बाहर खड़ी ई-रिक्शा चोरी

**पैजानिया ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र हल्दौर के गांव जलादीपुर में कल रात घर के सामने खड़ी ई रिक्शा को चोर चुराकर ले गए। गांव निवासी जुल्फिकार अली उर्फ भुट्टो रिक्शा चला कर अपने परिवार का पालन पोषण करता था। हर रोज की तरह कल रात भी भुट्टो ने रात को अपने घर के सामने अपनी ई रिक्शा खड़ी की थी। सुबह सवेरे जब भुट्टो उठा तो ई-रिक्शा गायब थी।अम्हेड़ा चौकी प्रभारी ने बताया ई रिक्शा चोरी की तहरीर नहीं मिली है।

# एससी एसटी आयोग ने खटीक समाज के कुलदेवता स्थल को कब्जाने को गंभीरता से लिया

**किरतपुर ( चिंगारी )।** थाना क्षेत्र के ग्राम भनेड़ा में स्थित खटीक समाज के कुलदेवता और हिंदू बाल अंत्येष्टि स्थल (तालाब) की जमीन को दूसरे वर्ग के व्यक्ति द्वारा अवैध रूप से कब्जाने के मामले को एससी एसटी आयोग ने गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को नोटिस जारी कर जबाव तलब किया है।

## संबंधित विभाग को नोटिस भेजकर किया तलब

उल्लेखनीय है कि अखिल भारतीय खटीक समाज के लोगों ने राष्ट्रीय एससी एसटी आयोग के सदस्य/पूर्व विधायक लवकुश कुमार के समक्ष ग्राम भनेड़ा स्थित खटीक समाज के कुलदेवता स्थल और हिंदू बाल अंत्येष्टि स्थल पर अवैध कब्जे का मामला उठाते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा था। राष्ट्रीय एससी एसटी आयोग के सदस्य पूर्व विधायक लवकुश कुमार एक कार्यक्रम में भनेड़ा पहुंचे थे। इस दौरान अखिल भारतीय खटीक समाज के जिलाध्यक्ष सुनीलपाल मनोहारिया एवं युवा जिलाध्यक्ष चंद्रशेखर छलेरिया खटीक, रामकुमार खटीक, चिरंजी खटीक, फूल सिंह खटीक आदि ने उन्हें एक प्रार्थना पत्र दिया था। जिसमे कहा गया था कि ग्राम भनेड़ा में गाटा संख्या 98 में बिजनौर के ग्राम जंदरपुर निवासी मो. शाहिद नाम का आदमी अवैध रूप से कालोनी विकसित कर रहा है। ग्राम समाज तालाब जो हिंदू बाल अंत्येष्टि स्थल है और चार बीघा भूमि खटीक समाज के कुलदेवता स्थल की भूमि को अवैध रूप से कब्जाने बेचने का कार्य कर रहा है। एससी एसटी आयोग के सदस्य पूर्व विधायक लवकुश कुमार ने इसे वहा मौजूद नायब तहसीलदार अतुल भगत से प्राथमिकता के आधार पर मामले का निस्तारण करने का निर्देश दिया था । उधर एससी एसटी आयोग ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए सबंधित विभाग को नोटिस जारी कर उनका जबाव तलब किया है। आयोग ने इस संबंध में खटीक समाज के जिलाध्यक्ष सुनीलपाल मनोहरिया को अवगत कराया है।

# हिन्दू समाज से एकजुट होने का आह्वान




**नहटौर ( चिंगारी )।** बृहस्पतिवार को जैन विद्या मंदिर इंटर कॉलेज परिसर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में आयोजित हिन्दू सम्मेलन के मुख्य वक्ता और आर्य समाज के प्रांतीय उपदेशक कुलदीप विद्यार्थी ने कहा कि किसी भी समाज की आत्मरक्षा के लिए संगठन अनिवार्य है। उन्होंने जोर दिया कि संगठित समाज ही अपनी संस्कृति और अस्तित्व की रक्षा कर सकता है। धर्म जागरण गतिविधि के प्रांत संयोजक जोगेंद्र दत्त ने सांस्कृतिक मूल्यों की रक्षा को लेकर कहा कि हिंदू संस्कृति विश्व की सबसे प्राचीन संस्कृतियों में से एक है, जिसने सदैव मानवता और सहिष्णुता का संदेश दिया है। युवाओं से अपनी सांस्कृतिक पहचान को समझने और उसका सम्मान करने का आह्वान किया गया। वक्ताओ ने सम्मेलन मे जाति-पाति और अन्य भेदभावों से ऊपर उठकर राष्ट्र निर्माण में एकजुट होने पर बल दिया गया। इस अवसर पर हिमांशु सिंह और संजय सिंह ने भी अपने विचार साझा किये। सम्मेलन का सफल संचालन व्यापारी नेता कपिल शर्मा ने किया। इस अवसर पर भाजपा मंडलाध्यक्ष वैभव गोयल, डॉ शलभ अहलावत, नागेंद्र त्यागी, बालेश अग्रवाल, नरेंद्र अग्रवाल, अभिनव जैन, नगर कार्यवाहक चंद्रसेन, विनीता शर्मा, राजन चंद्रा, आदेश चंद्रा, मेजर चरण सिंह शर्मा, राहुल चौधरी, प्रशांत वर्मा सहित भारी संख्या में नगरवासी उपस्थित रहे।

# व्यापारी छोटा हो या बड़ा संगठन के लिए एक समानः संजीव अग्रवाल

नजीबाबाद (चिंगारी)। व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान नजीबाबाद की मछली बाजार इकाई की ओर से रात्रि में एक मीटिंग मछली बाजार में आयोजित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान के वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल ने सभी व्यापारियों से राष्ट्र को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि उनका संगठन एक राष्ट्रवादी विचारधारा का संगठन है। उन्होंने सभी व्यापारियों से एकजुट रहने का आह्वान करते हुए कहा कि व्यापारी छोटा हो या बड़ा हो संगठन के लिए सब एक समान है, सभी की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ संगठन हल करायेगा। इस अवसर पर एसआई अवधेश शर्मा भी उपस्थित रहे। उन्होंने सभी व्यापारियों को साइबर फ्रॉड से बचने के लिए जागरूक किया। हाजी सलाहुद्दीन को मछली बाजार इकाई का अध्यक्ष बनाया गया। जबकि अराफात अंसारी को मंत्री पद की जिम्मेदारी दी गई। मीटिंग को उमापति गर्ग, अनिल अग्रवाल, कमल बंधु, अनुज अग्रवाल, सौरव अग्रवाल, विशेष माहेश्वरी, मोहम्मद आदिल, मोहम्मद अरबाज, हाजी शहजाद अंसारी, विशेष माहेश्वरी आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर गायक शमशाद अहमद ने अपना लिखा एक गीत सुनाया जिसकी व्यापारियों ने प्रशंसा की। मोहम्मद सिकंदर के संचालन में आयोजित मीटिंग में मछली बाजार के बड़ी संख्या में व्यापारी उपस्थित रहे।



वरिष्ठ प्रदेश मंत्री संजीव अग्रवाल का स्वागत करते व्यापारी।

# चौपाल में निपुण भारत अभियान पर विस्तारपूर्वक चर्चा की

नजीबाबाद (चिंगारी)। न्याय पंचायत हर्षवाड़ा में निपुण भारत मिशन के अंतर्गत महत्वपूर्ण कार्यक्रम शिक्षा चौपाल का आयोजन विकास क्षेत्र नजीबाबाद के समग्र विद्यालय शाहजहांपुर में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. राहुल वर्मा एआरपी नजीबाबाद ने मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। शाहजहांपुर की छात्राओं ने सरस्वती वंदना व स्वागत गीत प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का संचालन तनवीर अहमद एवं अध्यक्षता राजकुमार वर्मा नोडल शिक्षक संकुल ने की। कार्यक्रम में वक्ताओं ने निपुण भारत अभियान, बाल वाटिका पर विस्तारपूर्वक चर्चा करते हुए सभी को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया। डॉ. राहुल वर्मा एआरपी ने शिक्षा के डिजिटलीकरण, निपुण प्लस एप, दीक्षा एप, रीड अलांग एप के विषय में विस्तारपूर्वक समझाया। उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय में उपस्थित रहकर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ग्रहण करने तथा भाषा की समझ एवं संख्यात्मक ज्ञान पर जोर देते हुए शिक्षा चौपाल में उपस्थित सभी के साथ विस्तार से निपुण अभियान पर चर्चा की। वरिष्ठ शिक्षक मनोज चौहान ने शिक्षा के क्षेत्र में चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं व 19 पैरामीटर पर विस्तार से बताया। राजकुमार वर्मा नोडल शिक्षक संकुल ने इस अवसर पर सभी को प्रतीक चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम को विनीता, अर्चना, सारिका शर्मा, मीना रानी, रेखा, संगीता, विजेंद्र, निगहत शाहीन, माला, अनीता, शीतल, अनीता आदि ने सम्बोधित




# सनातन धर्म में गौ-सेवा अत्यंत पुण्यकारीः पंडित भोला शंकर

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मकबरा स्थित गीता भवन मंदिर में माघ मास में चल रही माघ महात्म्य गौ कथा में कथावाचक पंडित भोला शंकर शास्त्री ने बताया कि श्री कृष्ण कहते हैं माघ शुक्ल पक्ष की एकादशी को जया एकादशी कहते हैं। इस दिन भगवान विष्णु के साथ तुलसी का पूजन भी अत्यंत लाभकारी होता है। यह एकादशी बहुत ही पुण्यदायी व लाभकारी होती है, इस दिन नियम पूर्वक पूजा अर्चना व व्रत करने से भगवान विष्णु व माता लक्ष्मी मिलकर नौ ग्रहों को अनुकूल करते हैं। जीवन में सुख समृद्धि व सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। सनातन धर्म में एकादशी व्रत व गौ-सेवा दोनों ही अत्यंत पुण्यकारी हैं। कथा में नीरा भारद्वाज, राखी प्रजापति, रजनी, नीलम हांडा, लक्ष्मी, सृष्टि, प्रिया, नंदनी, किरन, सुनैना, कर्ण प्रिया, कन्नू, अंजलि, पीहू, दर्शिका, अंशु, पूर्वी, रिद्धि, शालू, भाग्या, कनक धारा, सोनिया आदि मौजूद रहे।

## चाइनीज़ मांझे की चपेट में आकर पत्रकार का पोता घायल

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के वरिष्ठ पत्रकार जितेंद्र जैन का पोता अपने मकान की छत पर खड़ा था तभी वहां कटकर आई पतंग में बंधे चाइनीज़ मांझे की चपेट में आकर उसका गाल कट गया जिससे वह घायल हो गया। उसे उपचार के लिए नगर के पूजा हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसके गाल पर सात टांके लगाए है। पत्रकार जितेंद्र जैन ने पुलिस प्रशासन से चाइनीज़ मांझा बेचने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई किये जाने की मांग की है।

# बसपा नेता अबरार अहमद ने किया गुरू रविदास लीला का शुभारंभ



रविदास लीला का फीता काटकर शुभारंभ करते अबरार अहमद।

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। क्षेत्र के ग्राम काशीरामपुर में आयोजित संत गुरु रविदास लीला का पूर्व ब्लॉक प्रमुख एवं बसपा नेता अबरार आलम एडवोकेट ने विधिवत फीता काटकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि गुरु रविदास एक संत थे, उन्होंने अपने जीवन में समाज के हित में अनेक कार्य किये हैं। संत गुरु रविदास ने समाज को नई दिशा दी है। हमे उनका अनुशरण करना चाहिए। इस अवसर पर एडवोकेट रेहान आलम, गेंदरपाल, छोटे प्रधान, सुनील कुमार, हृदयेश आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

# अमर वीर शहीदों को नमन किया गया

मंडावली/नजीबाबाद (चिंगारी)। पूर्व माध्यमिक विद्यालय औरंगपुर भिक्कू में 77 वां गणतंत्र दिवस बड़े ही हर्ष उल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अध्यापक सुशीला हल्दिया ने ध्वजारोहण किया। अमर वीर शहीदों को नमन करते हुए आजादी के पर्व को मनाया। चांदनी, आयत नाज, इकरा, अल्फीशा, गुलनाज आदि छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में ग्राम प्रधान नसीम अहमद, अध्यापक मोहम्मद फुरकान, शमशुद्दीन आदि मौजूद रहे।

## पालिका के पूर्व सभासद शकील सैफी का इंतकाल

नजीबाबाद (चिंगारी)। नगर के मौहल्ला मुनीरगंज निवासी नगरपालिका के पूर्व सभासद एवं कॉस्मेटिक व्यापारी शकील सैफी का बीमारी के चलते गुरूवार को इंतकाल हो गया। उनके इंतकाल पर पालिका के सभासदों, व्यापारियों व नगर के काफी लोगों ने रंजोगम का इजहार किया है।

# अजित पवार ने कहा था- नियति बुलाये तो जाना पड़ता है

## 4 दिन बाद प्लेन क्रैश में मौत

मुंबई/पुणे (एजेंसी/चिंगारी)। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम अजित पवार ने बारामती के कान्हेरी में 24 जनवरी को एक चुनावी रैली में यह बात कही थी। महज 4 दिन बाद, यानी 28 जनवरी को बारामती जाते समय प्लेन क्रैश में उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार बारामती के विद्या प्रतिष्ठान में गुरुवार को हुआ। अब अजित के बयान का वही वीडियो सामने आया है। वे मराठी में सभा को संबोधित कर रहे थे। 'यह दुनिया हमेशा के लिए नहीं है। हम सब आज यहां हैं, कल नहीं रहेंगे। अगर समय और नियति से पहले बुलावा आ जाए, तो सबको जाना ही होगा। लेकिन जब तक हम अपने जीवन में काम कर रहे हैं, राजनीति ही सब कुछ नहीं है। राजनीति चलती रहती है। चुनाव के बाद राजनीति को भुला देना चाहिए। हमें यह देखना चाहिए कि उस क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि कैसे आए। मैं जनता के प्यार के बल पर कड़ी मेहनत कर रहा हूं। आप सब मेरे साथ हैं। आपका प्यार और विश्वास ही मेरी ताकत है। यही मेरी सबसे बड़ी प्रेरणा है। मैं इसी प्रेम के बल पर चुनाव लड़ता हूं।' 66 साल के अजित की 28 जनवरी को बारामती एयरपोर्ट के पास प्लेन क्रैश में मौत हो गई थी। इस हादसे में उनके साथ एक सुरक्षाकर्मी, दो पायलट और एक महिला की जान चली गई थी।



# रिंग सेरेमनी के दौरान मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप ✦ पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा

**कासमपुर गढ़ी ( चिंगारी )।** थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम केहरीपुर जंगल में पूर्व प्रधान सरदार मुख्तियार सिंह के घर चल रही उसके पुत्र की रिंग सेरेमनी के दौरान एक मजदूर की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। थाना रेहड़ क्षेत्र के ग्राम केहरीपुर जंगल निवासी 45 वर्षीय चरणजीत सिंह उर्फ फौजी पुत्र उमराव सिंह गांव के ही पूर्व प्रधान सरदार मुख्तियार सिंह के यहां पिछले कुछ दिनों से मेहनत-मजदूरी का कार्य कर रहा था। बीती रात मुख्तियार सिंह के यहां उसके पुत्र की रिंग सेरेमनी का कार्यक्रम था। जहां चरणजीत सिंह उर्फ फौजी भी मौजूद था। चरणजीत सिंह के भाई महावीर सिंह ने थानाध्यक्ष रेहड़ को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि बीती रात लगभग 7:45 बजे मुख्तियार सिंह उनके घर आया और चरणजीत सिंह के चोट लग जाने की बात बताई। मृतक के भाई का कहना है कि जब हमने मुख्तियार सिंह के घर जाकर देखा, तो चरणजीत सिंह खून से लथपथ पशुशाला में पड़ी एक चारपाई पर मृत अवस्था में पड़ा मिला, जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। सूचना पाते ही डायल 112 व थाना रेहड़ पुलिस मौके पर पहुंची और प्रथम दृष्टया मौके का बारीकी से मुआयना करते हुए पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के भाई महावीर सिंह ने अपने भाई की हत्या का आरोप लगाते हुए रेहड़ पुलिस से दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। थानाध्यक्ष रेहड़ विजेंद्र सिंह राठी ने फिलहाल मामला संदिग्ध होने की बात कहते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट व गहन जांचोपरांत आवश्यक कार्यवाही किए जाने की बात कही है।



फाइल फोटो चरणजीत सिंह

## कम्प्यूटर ज्ञान प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया

**धामपुर ( चिंगारी )।** मोहल्ला बंदूकचियान स्थित डिजिटल होराइजन एकेडमी में कंप्यूटर ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सुहैल डिज़ाइनर, गुलफाम बिजनौरी, मोहम्मद आसिफ, सुलैमान इदरीसी, नदीम सर, हैदर अली आढ़ती, राशिद हुसैन, प्रोफेसर नज़ाकत हुसैन, रोमियो मयूर खान उपस्थित रहे। मोहम्मद आसिफ ने विजेता टीम को प्रोत्साहन स्वरूप 1200 रुपए की पुरस्कार राशि प्रदान की। इस अवसर पर एकेडमी में कंप्यूटर शिक्षा ले रही छात्रा सदफ ने अन्य छात्राओं के सहयोग से एकेडमी का आकर्षक रेप्लिका मॉडल तैयार किया। एकेडमी के डायरेक्टर सलमान फरीदी ने कहा कि प्रतियोगिता में बालिकाओं की टीम ने विजय प्राप्त कर यह सिद्ध कर दिया कि लड़कियां किसी से कम नहीं हैं। कार्यक्रम के दौरान एकेडमी के मैनेजर व शिक्षक अदनान उम्मती, प्रिंसिपल कहकशां, लुबना सैफी, मुस्कान फरीदी एवं शिफा फरीदी को भी एकेडमी के प्रति उनकी मेहनत और लगन के लिए ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

## चशेड़ी संचालक उमा देवी को कोर्ट से बड़ी राहत

### रेस्टोरेंट सीज करने के आदेश पर लगाई रोक

**नैनीताल ( चिंगारी )।** जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल प्रशांत जोशी की अदालत ने मंगोली स्थित चर्चित चशेड़ी रेस्टोरेंट को सील करने के परगनाधिकारी नैनीताल के 20 जनवरी के आदेश पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने प्रशासन को नोटिस जारी कर जबाव दाखिल करने को कहा है। इस मामले की अगली सुनवाई 23 फरवरी को होगी।



ज्ञात हो कि मंगोली में सरकारी भूमि पर बना चशेड़ी रेस्टोरेंट को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। इसका संचालन वर्तमान में उमा देवी कर रही हैं, जो कई कारणों से विवाद में था, जिसे बन्द करने की मांग को लेकर मंगोली सहित आसपास के ग्रामीणों ने दिसम्बर माह में मंगोली में प्रदर्शन भी किया था। जिसके बाद रेस्टोरेंट संचालक उमा देवी की तहरीर पर ग्रामीणों पर मुकदमा दर्ज होने के बाद यह विरोध प्रदर्शन और उग्र हुआ था। तहसीलदार नैनीताल अक्षय भट्ट ने जांच की तो रेस्टोरेंट सरकारी भूमि पर होने की पुष्टि हुई। परगनाधिकारी की कोर्ट ने संपत्ति को सील करने के आदेश जारी किये थे जिसे उमा देवी ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अदालत में चुनौती दी थी। उनके अधिवक्ता द्वारा तर्क किया गया कि परगना अधिकारी का यह अन्तिम आदेश है, जो विधि सम्मत नहीं है और उक्त आदेश को पारित किये जाने से पूर्व विधि सम्मत प्रकिया का अनुपालन भी नहीं किया। उन्होंने उच्च न्यायालय इलाहाबाद के आदेश मुन्ना सिंह उर्फ शिव सिंह व अन्य बनाम राज्य उत्तर प्रदेश, जो 11 अक्टूबर 2011 को भी कोर्ट के समक्ष पेश किया है। जिसके बाद जिला जज की अदालत ने परगनाधिकारी के आदेश पर रोक लगा दी।

## दिव्यांग स्कूल के बच्चों को रोटरी क्लब ने बांटे जूते

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** रोटरी क्लब की ओर से गुरूवार को झंडीचौड़ स्थित भारती देवी एजुकेशनल फाउण्डेशन द्वारा संचालित दिव्यांग स्कूल में अध्ययनरत 52 बच्चों को जूते वितरित किये गये। कार्यक्रम का आरंभ रोटरी क्लब अध्यक्ष ऋषि ऐरन व स्कूल के संस्थापक डॉ. कमलेश कुमार ने किया। रोटरी क्लब अध्यक्ष ऋषि ऐरन ने कहा कि दिव्यांगों की सेवा से परम सुख की अनुभूति होती है और रोटरी क्लब हमेशा दिव्यांगों की सहायता के लिए तत्पर रहता है। वहीं स्कूल संस्थापक डॉ. कमलेश कुमार ने दिव्यांग बच्चों की सहायता के लिए रोटरी क्लब का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब के सभी सदस्यों सहित स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## अजाजजा शिक्षकों ने यूजीसी के नये नियमों का समर्थन किया

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** अनुसूचित जाति जनजाति शिक्षक एसोसिएशन ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा अधिसूचित उच्च शिक्षा संस्थानों में समता संवर्धन विनियम-2026 को उच्च शिक्षा में सामाजिक न्याय, समान अवसर एवं समावेशन सुनिश्चित करने की दिशा में एक ऐतिहासिक एवं सराहनीय पहल बताया है। गुरूवार को यहां जारी बयान में एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष जगदीश राठी ने कहा कि इस नियम का उद्देश्य उच्च शिक्षा संस्थानों में लंबे समय से व्याप्त जाति-आधारित भेदभाव को समाप्त कर सभी वर्गों के विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों के लिए भयमुक्त, सम्मानजनक एवं समान वातावरण का निर्माण करना है। कहा कि नियम के अनुसार प्रत्येक उच्च शिक्षा संस्थान में एससी, एसटी, ओबीसी, दिव्यांगजन व महिलाओं का प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया गया है, जो संस्थानों में सहभागिता आधारित उत्तरदायी व्यवस्था को सशक्त बनाएगा।

### सूचना नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम वीनस विक्रम सिंह रावत से बदलकर वीनस रामपाल कर दिया है। भविष्य में मुझे वीनस रामपाल के नाम से जाना पहचाना जाए।

Venus Rampal D/o Subhash rampal, R/o 53-A, Ashutosh nagar Rishikesh Distt- Dehradun-249201

## ट्रंचिंग ग्राउण्ड से उठने वाली दुर्गंध से लोग परेशान आवाज उठाने पर भी नहीं दिया जा रहा ध्यान

**कोटद्वार ( चिंगारी )।** गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार के मुख्य बाजार से लगभग दो-तीन किमी. दूर बने खोह नदी के किनारे पर स्थित ट्रंचिंग ग्राउंड से झूला बस्ती और स्टेडियम कालोनी निवासी परेशान हैं। ट्रंचिंग ग्राउंड से उठने वाली दुर्गंध यहां के बाशिंदों के लिए नासूर बन चुकी है। हालांकि नगर निगम का दावा है कि कूड़े को रोजाना विभिन्न मशीनों द्वारा निस्तारित किया जाता है। ट्रंचिंग ग्राउंड से सटी झूलाबस्ती निवासी मोहम्मद इमरान के घर पर गुरूवार दोपहर एक बजे कई लोग आपस में बात कर रहे हैं। ट्रंचिंग ग्राउंड को लेकर उन सबके पास अपनी-अपनी परेशानियां हैं। ये वे लोग हैं जो लगभग दस से बारह साल पहले यहां बसे थे। उस समय इन लोगों को नहीं पता था कि शहर के कोलाहल से दूर जहां वो अपना आशियाना बना रहे हैं, वहां कुछ दिन बाद शहर की गंदगी का पहाड़ बनने वाला है। कचरे से उठती दुर्गंध के कारण सांस लेने में परेशानी सबकी शिकायत है।

पेशे से दुकानदार संजय सिंह मूल रूप से यहीं के रहने वाले हैं। ट्रंचिंग ग्राउंड को लेकर उन्होंने कई बार आवाज उठाई। वे बताते हैं कि नगर निगम बनने के बाद से यहां पर अधिक मात्रा में कूड़ा डलने लगा। उनके आवाज उठाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई।

गृहिणी नीलम देवी कहती हैं, ग्राउंड की गंदगी की दुर्गंध से क्षेत्र के हर बच्चे को सिरदर्द और जी मिचलाने जैसी समस्या हो रही है। वहीं प्रेरणा देवी ने बताया कि ट्रंचिंग ग्राउंड में एकत्रित कूड़े में गर्मियों में कभी-कभी अचानक आग लग जाती है, उस समय क्षेत्र में भयंकर दुर्गंध फैल जाती है, जिस कारण उन्हें सांस लेने में परेशानी होने लगती है। इस बातचीत के बाद पत्रकार ट्रंचिंग ग्राउंड देखने गए। ग्राउंड की चाहरदीवारी से देखते ही कचरे के पहाड़ में प्लास्टिक और कपड़े सहित अन्य कूड़ा नजर आया। कूड़े के पहाड़ से रिसता पानी खोह नदी को भी जहरीला बना रहा है। वहीं नगर आयुक्त पीएल शाह का कहना है कि कोटद्वार से रोजाना लगभग 65 टन कूड़ा उठाकर ट्रंचिंग ग्राउंड में लाया जाता है। उसके बाद उसको अलग-अलग मशीनों के माध्यम से दो या तीन दिन के भीतर खत्म किया जाता है। वर्तमान में यहां पर कूड़ा अवशेष के रूप में एकत्र नहीं है।

## यूजीसी के नये नियमों पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाई सवर्ण समाज ने मिठाई बांट कर खुशी मनाई

**धामपुर ( चिंगारी )।** यूजीसी विनियम 2026 के नए नियमों पर सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगाई जाने पर कल गुरुवार की शाम महाराणा प्रताप क्षत्रिय राजपूत सभा के नगर अध्यक्ष यशवीर सिंह गीतम के आवास पर आयोजित बैठक में उपस्थित नरेश वत्स, श्रीमती पूनम चौहान, अनिल शर्मा इंजीनियर, यशवीर सिंह गीतम, राकेश चौहान, डॉक्टर जसवंत सिंह, विशंभर सिंह,अर्पित राजपूत, अरविंद कुमार, मास्टर निर्दोष कुमार, देवेंद्र सिंह, रविंद्र चौहान, अजय कुमार, राजपाल सिंह, जितेंद्र राजपूत, महेश कुमार, हरीराज सिंह, लोकेंद्र सिंह आदि ने मिठाई बांटकर खुशी बनाई।

इस अवसर पर नरेश वत्स, राकेश चौहान, यशवीर सिंह आदि ने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि यूजीसी के नियमों में संशोधन के विरोध में स्वर्ण समाज ने एकजुट होकर विरोध किया और सुप्रीम कोर्ट में इस संबंध में याचिका दायर कर सुनवाई किये जाने की गुहार की। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने इस पर रोक लगाकर सराहनीय कार्य किया है। इस मौके पर एक दूसरे को मिठाई खिला कर खुशी का इजहार किया गया।

ख़बर सबसे पहले
असर सबसे ज़्यादा
चिंगारी

रामगंगा प्रकाशन बिजनौर के लिए प्रकाशक, मुद्रक **सूर्यमणि रघुवंशी** ने रघुवंशी प्रिंटर्स, स्वप्न लोक, नई बस्ती बिजनौर में मुद्रित कराकर स्वप्न लोक, नई बस्ती, बिजनौर से प्रकाशित किया।
संस्थापक-**स्व. बाबू सिंह चौहान।**
सम्पादक-**सूर्यमणि रघुवंशी।**
**आर. एन. आई. नं. 2417/57**
**डाक पंजीकरण संख्या- डी.एन./ यू.पी./ बी.जे.एन.-14/2025-27**
**E-Mail: dainikchingari@gmail.com**

# गन्ने के खेतों में 'हरे सोने' की दस्तक

## 2500 बांस के पेड़ों को लगाया

-मोहित शर्मा

**नहटौर ( चिंगारी )।** पारंपरिक गन्ने की खेती के गढ़ माने जाने वाले नहटौर क्षेत्र में अब बदलाव की बयार बह रही है। स्थानीय उद्योगपति और प्रगतिशील किसान शिल्पी कुमार अग्रवाल ने पर्यावरण संरक्षण और आर्थिक लाभ को एक साथ साधते हुए अपने खेत, बागों और स्कूल परिसर के चारों ओर ढाई हजार बांस के पौधे रोपे हैं, जो पर्यावरण के साथ-साथ आय भी सुरक्षित करेंगे।

### पर्यावरण और जेब दोनों सुरक्षित

बांस की खेती करने वाले शिल्पी अग्रवाल के अनुसार, उन्होंने मूली बांस और बंबूसा बाल्कोआ जैसी उन्नत प्रजातियों का चयन किया है। इस खेती की सबसे बड़ी खासियत यह है कि रख रखाव लगभग न के बराबर है। शुरुआत के केवल 5 से 8 महीनों तक ही सिंचाई की आवश्यकता होती है, जिसके बाद पौधे जमीन से खुद पानी सोखने लगते हैं। बांस की यह फसल 2 साल के बाद तैयार हो जाती है और फिर अगले दो दशक से अधिक समय तक गन्ने की तरह हर साल कटाई देकर मुनाफा पहुंचाती है। बांस का उपयोग न केवल आर्थिक लाभ के लिए किया जा रहा है, बल्कि



इन्हें खेत की मेढ़ों पर लगाकर एक प्राकृतिक और मजबूत बाड़ के रूप में भी इस्तेमाल किया जा रहा है। इसके अलावा बांस की डिमांड अगरबत्ती उद्योग और फर्नीचर जैसे क्षेत्रों में दिन-प्रतिदिन बढ़ रही है।

### हरे सोने से कम नहीं है..

बांस की खेती अब किसानों के लिए हरे सोने की खान साबित हो रही है। नहटौर के प्रमुख उद्यमी शिल्पी कुमार अग्रवाल ने अपने खेतों और स्कूल के मैदान में 2,500 से अधिक बांस के पौधे लगाकर आधुनिक खेती की एक नई मिसाल पेश की है।

### पर्यावरण का 'रक्षक' है बांस

बांस अन्य पेड़ों की तुलना में अधिक ऑक्सीजन छोड़ता है और भारी मात्रा में कार्बन डाइऑक्साइड सोखता है। नहटौर की यह पहल मिट्टी के कटाव को रोकने और भूजल स्तर को बनाए रखने में भी सहायक सिद्ध होगी।



# सहारनपुर मंडल में सपा-कांग्रेस की तकरार

### 2027 की विपक्षी तैयारी को झटका

**सहारनपुर ( चिंगारी )।** सहारनपुर मंडल में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस के बीच बढ़ती राजनीतिक तल्खी ने विपक्षी एकता की तैयारियों को बड़ा झटका दिया है। विधानसभा चुनाव 2027 की रणनीति पर सपा नेतृत्व के निर्देशों के बाद जहां पार्टी ने जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाई है, वहीं कांग्रेस सांसद इमरान मसूद की मजबूत पकड़ और सीटों को लेकर बढ़ती दावेदारी से गठबंधन में खींचतान तेज हो गई है। सहारनपुर जिले की सात विधानसभा सीटों को लेकर सबसे ज्यादा विवाद बेहट और सहारनपुर देहात सीट पर है। सपा एमएलसी शाहनवाज खान का दावा है कि कांग्रेस कम से कम पांच सीटों पर चुनाव लड़ेगी। उनका कहना है कि लोकसभा चुनाव में इमरान मसूद ने बेहट, सहारनपुर नगर और देहात में बड़ी बढ़त लेकर अपनी लोकप्रियता साबित की है। वहीं सपा विधायक आशु मलिक और उमर अली खान के साथ इमरान मसूद के रिश्ते लगातार तल्ख बने हुए हैं और दोनों पक्षों के बीच बयानबाजी जारी है। गंगोह और नकुड़ सीटों पर भी समीकरण जटिल हैं। गंगोह इमरान मसूद का गृह क्षेत्र है, जबकि नकुड़ से वह दो बार बेहद करीबी मुकाबले में हार चुके हैं। भाजपा की ओर से सैनी बिरादरी के मजबूत नेताओं की मौजूदगी और संभावित प्रत्याशियों के नामों ने मुकाबले को और दिलचस्प बना दिया है। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि मुस्लिम वोटों पर इमरान मसूद की पकड़ सपा नेताओं की तुलना में कहीं अधिक मजबूत है। जिले के मौजूदा हालात में जातीय और सामाजिक समीकरण भाजपा के पूरी तरह पक्ष में नहीं दिखते, लेकिन सपा-कांग्रेस के बीच तालमेल की कमी विपक्ष को कमजोर कर रही है। जानकारों का कहना है कि यदि गठबंधन में मतभेद दूर नहीं हुए तो भाजपा को सीधी चुनौती देना मुश्किल होगा। अब निगाहें अखिलेश यादव और राहुल गांधी पर टिकी हैं कि वे सहारनपुर में उभरे इस टकराव को कैसे सुलझाते हैं, क्योंकि यही विपक्ष की चुनावी ताकत तय करेगा।




# सफाई के दौरान सफाईकर्मियों की मौत के मामले में मिलेगा 30 लाख मुआवजा

**नयी दिल्ली ( एजेंसी/चिंगारी )।** उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि मैला ढोने और नालों की सफाई के कारण होने वाली मौतों के लिए मुआवजे को बढ़ाकर 30 लाख रुपये करने का उसका आदेश पुराने मामलों पर भी लागू होगा, यदि उनमें अभी तक मुआवजा तय नहीं हुआ है या मुआवजे का भुगतान नहीं किया गया है। उल्लेखनीय है कि न्यायालय ने अक्टूबर 2023 के बलराम मामले में ऐसी मौतों के लिए मुआवजे की राशि 10 लाख रुपये से बढ़ाकर 30 लाख रुपये कर दी थी। यह स्पष्टीकरण राष्ट्रीय कानूनी सेवा प्राधिकरण (नालसा) द्वारा शीर्ष अदालत के समक्ष दायर एक आवेदन के बाद आया है। नालसा ने कहा था कि अलग-अलग उच्च न्यायालयों का इस मामले पर अलग-अलग थे कि कितना मुआवजा दिया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए, मद्रास उच्च न्यायालय ने एक मामले में 10 लाख रुपये दिए, जबकि दिल्ली उच्च न्यायालय ने दूसरे मामले में 30 लाख रुपये दिए। नालसा ने बताया कि दो व्याख्याएं सामने आ रही थीं। एक यह कि 20 अक्टूबर, 2023 से पहले मरने वाले पीड़ितों के परिवारों को, जिन्हें पहले ही 10 लाख रुपये मिल चुके हैं, 20 लाख रुपये की अतिरिक्त राशि मिलनी चाहिए। दूसरा विचार यह था कि यदि मुआवजा पहले ही वितरित किया जा चुका है, तो कोई अतिरिक्त राशि नहीं दी जानी चाहिए। न्यायमूर्ति अरविंद कुमार और न्यायमूर्ति पी.बी. वराले की पीठ ने 20 जनवरी को पारित आदेश में इस मुद्दे को सुलझा दिया। न्यायालय ने स्पष्ट किया कि जिन मामलों में मुआवजा पहले ही निर्धारित और भुगतान किया जा चुका है, उन्हें दोबारा नहीं खोला जाएगा। हालांकि, यदि मृत्यु अक्टूबर 2023 के फैसले से पहले हुई है और मुआवजा अभी तक तय या भुगतान नहीं किया गया है।

